दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 214 जयपुर, शनिवार, 13 जुलाई, 2024 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष- सप्तमी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### जयपुर में आंधी बारिश, उमस से मिली राहत



**जयपुर।** राजधानी में शुक्रवार को दिनभर उमस के बाद शाम को अचानक मौसम बदला और आंधी के साथ मध्यम से तेज बारिश हुई। इससे आमजन को गर्मी और उमस से राहत मिली। जयपुर में दिनभर धूप खिली, इसके चलते लोग दिनभर गर्मी और उमस से परेशान नजर आए। जयपुर के दिन के पारे में 2.5 और 0.6 डिग्री बारिश की बढ़ोतरी दर्ज की गई। जयपुर का अधिकतम तापमान 38.5 और न्यूनतम तापमान 28.6 डिग्री दर्ज किया गया। बारिश के बाद शहर में सड़कों पर पानी भर गया, इससे वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### केजरीवाल को अंतरिम जमानत, अब बड़ी बेंच में



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कथित शराब घोटाला मामले में 21 मार्च को रात में करीब नौ बजे ईडी द्वारा गिरफ्तार किया गया था। केजरीवाल तभी से शराब घोटाला मामले में घिरे हुए हैं। हालांकि, शुक्रवार को सीएम केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिल गई। शराब नीति मामले में पीएमएलए के तहत दर्ज मामले में केजरीवाल को अंतरिम जमानत दी गई है। ईडी द्वारा की गई गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका को एक बड़ी पीठ को भेज गया है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**केंद्र सरकार का बड़ा ऐलान:** इंदिरा गांधी ने 1975 में इसी दिन लगाया था आपातकाल

# 25 जून संविधान हत्या दिवस घोषित... गजट नोटिफिकेशन

**एजेंसी** | नई दिल्ली

'मोदी सरकार' ने 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' घोषित कर दिया है। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को गजट नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है। गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा है कि 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपनी तानाशाही मानसिकता को दर्शाते हुए देश में आपातकाल लगाकर भारतीय लोकतंत्र की आत्मा का गला घोंट दिया था। लाखों लोगों को अकारण जेल में डाल दिया और मीडिया की आवाज को दबा दिया गया। शाह ने आगे लिखा कि भारत सरकार ने हर साल 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय किया है।

### 21 माह की इमरजेंसी

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 12 जून 1975 को इंदिरा का चुनाव निरस्त कर 6 साल तक चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी थी। इंदिरा गांधी इसके बाद 23 जून 1975 को सुप्रीम कोर्ट पहुंचीं। सुप्रीम कोर्ट ने इंदिरा को प्रधानमंत्री बने रहने की इजाजत दे दी। इसके बाद इंदिरा ने देश में इमरजेंसी घोषित कर दी। 25 जून 1975 को देश में 21 माह के लिए इमरजेंसी लगाई गई थी।






### 'लाखों लोगों के संघर्ष का सम्मान करना है'

शाह ने फिर लिखा है कि यह दिन उन सभी लोगों के विराट योगदान का स्मरण कराएगा, जिन्होंने 1975 के आपातकाल के अमानवीय दर्द को झेला था। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा लिए गए इस निर्णय का उद्देश्य उन लाखों लोगों के संघर्ष का सम्मान करना है, जिन्होंने तानाशाही सरकार की असंख्य यातनाओं और उत्पीड़न का सामना करने के बाद बावजूद लोकतंत्र को पुनर्जीवित करने के लिए संघर्ष किया।

### जानें कब और कैसे लगता है आपातकाल

राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा करने का अधिकार राष्ट्रपति को है। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाले मंत्रिमंडल की लिखित सिफारिश के बाद आपातकाल की घोषणा की जाती है। आपातकाल लगने के बाद नागरिकों के सभी मौलिक अधिकार निलंबित हो जाते हैं। संपूर्ण देश या किसी राज्य पर अकाल की स्थिति उत्पन्न हो जाए। उस समय उस क्षेत्र की सभी राजनैतिक और प्रशासनिक शक्तियां राष्ट्रपति के हाथों में चली जाती हैं। -पेज 7 भी देखें

**बजट की घोषणाओं पर किसानों ने जताया मुख्यमंत्री का आभार**

# अन्नदाता के सशक्तीकरण को सरकार प्रतिबद्ध : सीएम शर्मा

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि किसान देश के अन्नदाता हैं। करोड़ों देशवासियों का पेट भरने के साथ ही वे देश और राज्य की अर्थव्यवस्था में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प के अनुरूप राज्य सरकार किसानों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने और उनके घरों में खुशहाली लाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर 'परिवर्तित बजट 2024-25' में कृषि संबंधी घोषणाओं के लिए किसानों द्वारा आयोजित अभिनन्दन और आभार समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी किसानों को खुशहाल बनाने के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। हमने सरकार का गठन होते ही पूर्वी राजस्थान के लिए अति महत्वपूर्ण ईआरसीपी योजना के लिए केंद्र और मध्यप्रदेश सरकार के साथ ऐतिहासिक समझौता किया।

साथ ही, शेखावाटी क्षेत्र की प्यास बुझाने के लिए यमुना जल समझौते को भी मूर्त रूप दिया, जबकि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने इस संबंध में केंद्र और हरियाणा सरकार से कभी पत्र व्यवहार तक नहीं किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान सम्मान निधि को 6 हजार से बढ़ाकर 8 हजार रुपए करने तथा गेहूं की एमएसपी बढ़ाने के साथ ही पशुपालकों के लिए गोपाल क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 1 लाख रुपए तक का ऋण देने जैसे निर्णय हमारी किसान एवं पशुपालक हितैषी नीति का प्रतीक हैं।



### इन जिलों से आए किसान

राज्य के श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, सीकर, झुंझुनूं, अजमेर, पाली, दौसा तथा अलवर सहित विभिन्न जिलों से आए किसानों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर केन्द्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, सांसद एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी, देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना सहित बड़ी संख्या में किसान एवं आमजन उपस्थित थे।

### राज्य सरकार किसानों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए कर रही काम

#### देश में सर्वाधिक शासन करने वालों ने नहीं की किसान की चिंता

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश में प्राचीन काल से ही कृषि को उत्तम आजीविका का दर्जा दिया जाता रहा है, मगर देश में सबसे लम्बे समय तक शासन करने वालों ने कभी भी किसानों की चिंता नहीं की और गांव तथा शहर में भेदभाव किया। वर्ष 2014 से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों के दर्द को समझा और उनके जीवन स्तर में बदलाव के संकल्प के साथ कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू कीं।

#### देंगे 23 हजार करोड़ के ब्याज मुक्त अल्पकालीन फसली ऋण

सीएम शर्मा ने कहा कि इस वर्ष 23 हजार करोड़ रुपए के ब्याज मुक्त अल्पकालीन फसली ऋण वितरित किए जाएंगे। इसके अंतर्गत 5 लाख नए किसान भी ऋण प्राप्त कर सकेंगे। इसके लिए 736 करोड़ रुपए ब्याज अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बजट में भूमि सुधार के लिए सहकारी बैंकों द्वारा दिए जाने वाले दीर्घकालीन कृषि ऋणों का दायरा भी बढ़ाते हुए 100 करोड़ रुपए कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 500 नए फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन, 150 ग्राम सेवा सहकारी समितियों में 100 से 500 टन क्षमता के गोदामों का निर्माण करवाया जाएगा।

#### CM पशुपालन विकास कोष का होगा गठन

किसानों के लिए पशुपालन बड़ा आर्थिक संबल है। इसको ध्यान में रखते हुए पशुपालन संवर्द्धन, संरक्षण एवं विकास के लिए 250 करोड़ रुपए के प्रावधान के साथ मुख्यमंत्री पशुपालन विकास कोष का गठन किया जाएगा। शर्मा ने कहा कि गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना के तहत गौवंश से जैविक खाद का उत्पादन करने के लिए 10 हजार रुपए तक की प्रति कृषक आर्थिक सहायता दी जाएगी।

#### भीलवाड़ा रीको को 99.72 हेक्टर भूमि का होगा आवंटन

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भीलवाड़ा जिले में नवीन औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना के लिए रीको को भूमि आवंटन के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। प्रस्ताव के अनुसार भीलवाड़ा जिले की आसींद तहसील में ग्राम मोड का निम्बाहेड़ा में 99.72 हेक्टर भूमि आवंटित की जाएगी। ये भूमि राजस्थान भू-राजस्व (औद्योगिक क्षेत्र आवंटन) नियम-1959 के तहत आवंटित की जाएगी।

**प्रदेश भाजपा कार्यसमिति की बैठक आज**

# होंगे जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता शामिल



### केंद्र की ओर से केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान आएंगे

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश भाजपा कार्यसमिति की बैठक शनिवार को सुबह 9 बजे से जयपुर के सीतापुरा स्थिति जेईसीसी सभागार में होगी। कार्यसमिति में मुख्यमंत्री, पंचायत राज व निकाय जनप्रतिनिधि, पार्टी सासंदों, विधायकों, मंत्रियों और प्रदेश पदाधिकारियों सहित आठ हजार से ज्यादा भाजपा कार्यकर्ता भाग लेंगे। इसके अलावा केंद्र के प्रतिनिधि के रुप में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह भी बैठक में शामिल होंगे।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव के बाद यह भाजपा की पहली बड़ी बैठक है। भाजपा प्रदेश मुख्यालय में शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता में प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने बताया कि बैठक में केंद्र की ओर से एमपी के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम उपस्थित रहेंगे। कार्यसमिति की तैयारियों के लिए व्यवस्था टोलियां भी बनाई गई है।

#### कार्ययोजना का बनाया जाएगा रूटमैप

कार्यसमिति बैठक में भाजपा की आगामी कार्ययोजना का रूटमैप बनाया जाएगा। सांसद सीपी जोशी ने कहा कि भाजपा की भजनलाल सरकार की ओर से पेश किए गए पूर्णकालिक बजट 2024-25 में विकसित राजस्थान, सशक्त राजस्थान, अग्रणी राजस्थान और समग्र राजस्थान की परिकल्पना को साकार किया है।

## फर्जी डिग्री बनवाने में सहयोग करने वाले आरोपी को दबोचा

**जयपुर ।** एसओजी ने शुक्रवार को चित्तौड़गढ़ स्थित मेवाड़ यूनिवर्सिटी से फर्जी डिग्री बनवाने में सहयोग करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसओजी के अनुसार आरोपी मनोहर लाल (28) पुत्र बाबूलाल सांचौर का रहने वाला हैं। आरोपी अभी सांचौर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, झाब में पुस्तकालयाध्यक्ष के पद पर पोस्टेड है। एडीजी एसओजी के अनुसार एसओजी यूनिट अजमेर और जोधपुर, सांचौर जिला पुलिस ने आरोपी मनोहर लाल विश्नोई को झाब से डिटेन किया। आरोपी मनोहर लाल के खिलाफ अजमेर के सिविल लाइंस थाने में मामला दर्ज किया गया था। ए




**अंबानी परिवार के कार्यक्रम में पहुंचीं देश-विदेश की हस्तियां**

# रजनीकांत, रेसलर जॉन सीना सहित कई सेलिब्रिटी खूब थिरके

**बेधड़क** | मुंबई

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और एमडी मुकेश अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी और बिजनेसमैन वीरेन मर्चेंट की बेटी राधिका मर्चेंट की शादी शुक्रवार रात को मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में हो गई।

इस शादी को खास बनाने के लिए देश-विदेश से कई दिग्गज लोग शामिल हुए, जिसमें क्रिकेटर, बॉलीवुड, हॉलीवुड स्टार्स से लेकर कई राजनेता और नामी बिजनेसमैन भी शामिल हुए। अनंत और राधिका की शादी से पहले प्री-वेडिंग जश्न मार्च में जामनगर में शुरू हुआ, जहां उन्होंने तीन दिनों तक हजार से अधिक मेहमानों की मेजबानी की। उस दौरान भी बॉलीवुड सेलेब्स ने ग्लैमर का तड़का लगाया था।



### कोकिलाबेन ने की जीवंत डांडिया नाइट की मेजबानी

बारात आने से अनंत अंबानी की दादी कोकिलाबेन अंबानी ने मुंबई में एक जीवंत डांडिया नाइट की मेजबानी की, जिसमें परिवार और दोस्त शामिल हुए। नीता मुकेश अंबानी सांस्कृतिक केंद्र में एक भव्य संगीत रात का भी आयोजन किया गया, जहां पॉप सनसनी जस्टिन बीबर ने मेहमानों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। इसी दौरान बॉलीवुड सेलेब्स के साथ अंबानी परिवार के सदस्यों ने भी शानदार प्रदर्शन किया।

### राधिका मर्चेंट को देखने के लिए बेताब दिखी नजरें

मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के लिए ये बेहद ही खास कार्यक्रम रहा। शादी में शरीक होने देश विदेशों से मेहमान भी आए। राधिका मर्चेंट को देखने के लिए सभी की नजरें टिकी हुई थी। कई बॉलीवुड सेलेब्स भी शादी में पहुंचे। शादी में सभी ने अपने लुक से रंग जमा रखा है। साउथ सुपरस्टार रजनीकांत भी अपने परिवार समेत शादी में पहुंच चुके हैं। नीता अंबानी ने भी कई सेलेब्स के साथ डांस किया।

### प्रियंका और निक जोनस ने दिए पोज

प्रियंका चोपड़ा ने पति निक जोनस संग जमकर पोज दिए। बारात में अनिल कपूर व हॉलीवुड स्टार जॉन सीना ने जमकर डांस किया। बॉलीवुड सेलेब्स ने सामने खूब फोटो क्लिक कराए। बॉलीवुड सितारों की एंट्री पर पैपराजी नजरें टिकाए थे। प्रियंका चोपड़ा बारात के बीच में जमकर थिरकती दिखीं।

### सेलेब्स ने डांसिंग टैलेंट से मचाया धमाल

अनंत अंबानी की शादी में बॉलीवुड सेलेब्स ने डांसिंग टैलेंट से धमाल मचा दिया है। जॉन सीना के बाद अब अनिल कपूर, अर्जुन कपूर, रणवीर सिंह, निक जोनास ने अनिल अंबानी संग जमकर डांस किया। शादी में संजय दत्त और अनिल कपूर ने तो अपने डांस से रंग ही जमा दिया। इनके साथ ही शाहरुख खान, वरुण धवन, शाहिद कपूर जैसे सितारे भी खूब झूमे।

**जरूरी खबर**

## सरपंच संघ की मांगों का होगा उच्च स्तरीय परीक्षण



**जयपुर।** पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार ने सरपंच संघ की मांगों का उच्च स्तरीय परीक्षण कराने के निर्देश दिए हैं। अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं पंचायती राज विभाग के शासन सचिव रवि जैन ने पंचायती राज, मनरेगा, वित्त, सार्वजनिक निर्माण, खाद्य, नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ सरपंच संघ की 14 सूत्रीय मांगों के बारे में विस्तार से चर्चा की। सरपंच संघ की प्रमुख मांग है कि वर्ष 2022-23 व 2023-24 की राज्य वित्त आयोग मद की बकाया अनुदान राशि लगभग 3 हजार 4 सौ करोड़ रुपए उपलब्ध कराने सहित अन्य मांगें। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने राशि की मांग से संबंधित प्रस्ताव तैयार कर वित्त विभाग को भेजने को कहा।

## 5 जिलों में प्रभारी सचिव हुए इधर-उधर

**जयपुर।** प्रशासनिक सुधार विभाग ने आदेश जारी करते हुए 5 जिलों के प्रभारी सचिवों में बदलाव किया है। आदेश के अनुसार अब जयपुर की प्रभारी सचिव एसीएस अपर्णा अरोड़ा, अजमेर जिले के प्रभारी सचिव आईएएस नवीन जैन, बीकानेर के प्रभारी सचिव आईएएस कृष्ण कुणाल, भीलवाड़ा में आईएएस राजन विशाल, ब्यावर के प्रभारी सचिव आईएएस विश्राम मीना को बनाया गया है।

## एमएसपी पर सरसों खरीद सीमा बढ़ाने के प्रयास: दक



**जयपुर।** सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरसों खरीद की अधिकतम सीमा को बढ़ाने के लिए केन्द्र सरकार को पत्र लिखा गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरसों की तरह ही कपास और बाजरे की खरीद के लिए भी केन्द्र सरकार से सहमति के पूरे प्रयास किये जाएंगे। सहकारिता राज्य मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरसों की खरीद की सीमा 25 क्विंटल तय की गई है। पिछली बार केन्द्र सरकार को पत्र लिखकर इस सीमा को बढ़ाकर 40 क्विंटल किया गया था। उन्होंने जानकारी दी कि इस बार भी सीमा को बढ़ाने के लिए केन्द्र सरकार को पत्र लिखा गया है।

**जोधपुर में एम.बी.एम. विश्वविद्यालय का प्रथम दीक्षांत समारोह में राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा...**

# विश्वविद्यालय युवाओं को नवाचारों और मौलिकता से जोड़े

**बेधड़क | जयपुर**

राज्यपाल और कुलाधिपति कलराज मिश्र ने जोधपुर स्थित एम.बी.एम विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में कहा कि प्रौद्योगिकी शिक्षा के तहत विश्वविद्यालय युवाओं को नवाचारों से जोड़ते हुए शोध की मौलिक भारतीय दृष्टि से संपन्न करे।

उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में निहित अद्वितीय क्षमताओं को पहचान कर उन्हें भविष्य के अवसरों के लिए तैयार करना है। उन्होंने विद्यार्थियों का आव्हान किया कि वे अर्जित ज्ञान का उपयोग राष्ट्र और समाज के विकास के साथ ही मानवता के कल्याण में करें। राज्यपाल मिश्र ने कहा कि विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रबंधन करना हमारी प्राथमिकता है। इस पहल के तहत सभी विश्वविद्यालयों ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए विशेष कदम उठाए है। राज्यपाल और कुलाधिपति कलराज मिश्र ने जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के नए परिसर में स्थित नवनिर्मित संविधान स्तम्भ का लोकार्पण किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केएल श्रीवास्तव, कुलसचिव ओपी जैन, वित्त नियंत्रक, सिंडीकेट व सीनेट सदस्य, अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, निदेशक, अधिकारी सहित कर्मचारीण उपस्थित रहे।




### एआई का उपयोग मानव कल्याण के लिए हो

उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति देश को कौशल विकास से जोड़ने के साथ ही मौलिक शोध एवं अनुसंधान के लिए प्रेरित करने वाली है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स) का है, इसका उपयोग मानवता के कल्याण से जुड़े विषयों में हो। उन्होंने विद्यार्थियों से आव्हान किया कि वे पृथ्वी पर हो रहे जलवायु परिवर्तन व अन्य विभिन्न प्रकार के संकटों को सुलझाने में अपना योगदान दें। साथ ही "नेट ज़ीरो" कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को कैसे प्राप्त करें, इस पर भी तकनीकी शिक्षा आधारित हो।

### पेट्रोलियम में पाठ्यक्रम प्रारम्भ अच्छी पहल

मिश्र ने कहा कि प्रौद्योगिकी शिक्षा का लक्ष्य भारत को विश्व में उत्पादन की दृष्टि से महाशक्ति के रूप में उभारना है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में कार्यरत "इन्क्युबेशन एवं स्टार्ट अप प्रकोष्ठ" इस दिशा में कार्य करें। यह विश्वविद्यालय देश के चुनिन्दा विश्वविद्यालयों की सूची में शामिल हैं। यहां पेट्रोलियम में स्नातक पाठ्यक्रम प्रारम्भ होना अच्छी पहल है। इससे पेट्रोलियम रिफाईनरी में भी युवाओं को अवसर मिलेंगे।

### 5जी स्पेक्ट्रम प्रयोगशाला प्रारम्भ

उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय में केन्द्र सरकार की परियोजना के सामरिक दृष्टि के महत्व के तहत 5जी स्पेक्ट्रम प्रयोगशाला प्रारम्भ की गयी है। 5जी से सम्बंधित नये नवाचारों, डिजिटल क्रांति में 5जी के प्रयोगों का लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा। साथ ही, विश्वविद्यालय में गैर पारम्परिक ऊर्जा के स्त्रोतों के अध्ययन के लिए "सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की गई ताकि परम्परागत पाठ्यक्रमों के साथ-साथ तकनीकी क्षेत्र में होने वाले नये पाठ्यक्रमों से भी विद्यार्थी जुड़ सकेगें। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा लूणी तहसील के डोली गांव को गोद लेकर उसके विकास के लिए किए गए कार्य को अनुकरणीय बताया।

### 19 को गोल्ड मेडल

समारोह में कुल 19 विद्यार्थियों में से 13 गोल्ड मेडल यूजी , 4 गोल्ड मेडल पीजी एवं 2 गोल्ड मेडल एमसीए के विद्यार्थियों को प्रदान किए गए। वर्ष 2022 एवं 2023 में उत्तीर्ण कुल 680 को स्नातक , 167 स्नातकोत्तर , 28 विद्यार्थियों को बी.आर्किटेक्चर में, 52 विद्यार्थियों को एमसीए में एवं 11 विद्यार्थियों को पी.एच.डी की उपाधि प्रदान की गई।

**नए रूटों को चिह्नित और सर्वे करने के बाद तैयार होगी डीपीआर**

# जयपुर मेट्रो के दूसरे रूटों का जल्द किया जाएगा निर्धारण

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान विधानसभा में शुक्रवार को बजट सत्र में चर्चा के दौरान सिविल लाइन्स विधायक गोपाल शर्मा ने जयपुर मेट्रो के विस्तार के लिए सरकार से सवाल किया।

इस पर सरकार ने कहा कि अब जल्द ही जयपुर मेट्रो के दूसरे रूटों का भी निर्धारण किया जाएगा। इसके लिए सरकार ने ट्रैफिक-ट्रांसपोर्ट सलाहकार की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सलाहकार की सिफारिश पर सरकार मेट्रो के नए रूटों को चिह्नित करके उनका सर्वे करने के बाद डीपीआर तैयार करवाएगी।

उल्लेखनीय है कि विधायक गोपाल शर्मा ने विधानसभा में लगाए एक सवाल में पूछा कि क्या सरकार जयपुर की बढ़ती जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए मेट्रो ट्रेन परियोजना का विस्तार करने के लिए कोई सर्वे करवाने का विचार रखती है। तो इस सवाल पर सरकार ने जवाब में ये बात कही।



### फेज-2 की संशोधित डीपीआर पर हो रहा कार्य

जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की ओर से फेज-2 सीतापुरा से अम्बाबाड़ी के लिए तैयार डीपीआर को संशोधित करने पर काम चल रहा है। इसी साल फरवरी में पेश किया अंतरिम बजट में वित्त मंत्री ने मेट्रो का विस्तार अम्बाबाड़ी से विद्याधर नगर तक करने की घोषणा की थी। इसके अतिरिक्त रूट पर सर्वे करवाने का काम चल रहा है और इसकी डीपीआर तैयार की जाएगी। जानकारी के अनुसार जयपुर में मेट्रो के नए रूटों पर भी विचार चल रहा है। इसमें मानसरोवर में किसान धर्मकांटे से न्यू सांगानेर रोड मानसरोवर होते हुए सांगानेर खुली जेल पुलिया से सांगानेर तक करीब 10 किलोमीटर से ज्यादा लम्बाई में रूट बनाने पर भी विचार किया जा रहा है। इससे मानसरोवर, पृथ्वीराज, पत्रकार कॉलोनी में रहने वाली लाखों की आबादी को कनेक्टिविटी मिल सकेगी।

### भादरा की पेयजल परियोजना पर भी उठाए सवाल

भादरा की पेयजल परियोजना में देरी पर बीजेपी विधायक संजीव कुमार ने जलदाय मंत्री के जवाब पर सवाल उठाए। मंत्री सुरेश रावत ने कहा कि समीक्षा के बाद जल्द फैसला किया जाएगा। इस पर संजीव कुमार ने कहा कि भादरा क्षेत्र में पानी का संकट है, अमरसिंह लिफ्ट से 15 दिन में पानी आता है। नए प्रोजेक्ट का काम कब तक शुरू होगा।

### औद्योगिक ईकाइयों को बाहर शिफ्ट करने का मुद्दा गूंजा

राजस्थान विधानसभा में शुक्रवार को शहरों के बीच संचालित औद्योगिक ईकाइयों को बाहर शिफ्ट करने का मुद्दा गूंजा। मालवीय नगर से विधायक कालीचरण सराफ ने जयपुर के चार इंडस्ट्रियल एरिया को शहर से बाहर करने की मांग रखी। विधायक की इस मांग पर उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि इन्हें शिफ्ट करना इतना आसान नहीं है। हम सभी औद्योगिक ईकाइयों का परीक्षण करवाकर और वहां मौजूद सभी स्टेक हॉल्डर्स के हितों को ध्यान में रखते हुए समाधान का प्रयास करेंगे।


### कॉमर्शियल उपयोग में हो जमीन का कन्वर्जन

विधायक कालीचरण सराफ ने इन औद्योगिक क्षेत्रों को शिफ्ट करने के बाद यहां खाली जमीन का कॉमर्शियल कन्वर्जन करने की मांग की। इस पर उद्योग मंत्री ने जवाब देते हुए कहा- इस सबसे बड़ी चुनौती ये है कि जमीन रीको के पास लीज पर आती है। इसके कारण रीको पर भू उपयोग परिवर्तन को लेकर पाबंदी है। साथ ही सर्वोच्च न्यायालय ने भी एक प्रकरण में रीको पर भू उपयोग परिवर्तन पर रोक लगाई हुई है।

**लॉटरी निकालने का हो रहा पोर्टल तैयार**

## शीघ्र पूरी होगी 24 हजार सफाईकर्मियों की भर्ती: खर्रा

**बेधड़क | जयपुर**



स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने शुक्रवार को विधानसभा में आश्वस्त किया कि सफाई कर्मियों की नियुक्ति के लिए निर्धारित नियमों के संबंध में दायर याचिकाओं के संबंध में उच्च न्यायालय के फैसले के परीक्षण के बाद शीघ्र ही भर्ती की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

उन्होंने बताया कि 24 हजार 797 सफाई कर्मचारियों की भर्ती के लिए 01 मार्च 2024 को विज्ञप्ति जारी की गई थी, जिसके लिए कुल 9 लाख 20 हजार 442 आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि नियुक्ति के लिए निर्धारित नियमों के विरुद्ध उच्च न्यायालय में याचिकाएं दायर होने के कारण भर्ती प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ाया जा सका था।

स्वायत्त शासन राज्य मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सफाई कर्मियों की भर्ती के लिए समय-समय पर नियमों को संशोधित किया गया है। सफाई कर्मियों की भर्ती के लिए 2012 में नियम बने थे, जिसमें नगर निकायों के 2 साल के अनुभव की योग्यता रखी गई थी। इसके बाद 11 अप्रेल 2018 को पुनः संशोधन कर 2 साल के स्थान पर एक वर्ष अनुभव कर दिया गया तथा 2 बच्चों का प्रावधान जोड़ा गया। नियमों में परिवर्तन कर भर्ती में निजी संस्थान अथवा व्यक्तिगत अनुभव प्रमाण पत्र को भी मान्यता दी गई।

उन्होंने बताया कि मूल नियमों में परीक्षा तथा साक्षात्कार के माध्यम से भर्ती का प्रावधान था। बाद में 23 जनवरी 2023 को लॉटरी के माध्यम से भर्ती का प्रावधान किया गया। उसके बाद 8 जून 2023 को प्रायोगिक परीक्षा का प्रावधान भी जोड़ा गया। भर्ती लॉटरी किये जाने के लिए सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के माध्यम से एक लॉटरी पोर्टल बनवाये जाने का कार्य प्रगतिरत है।

**संगोष्ठी से जयपुर जिले के 7 ब्लॉकों के शारीरिक शिक्षक जुड़े**

## दो दिवसीय खेलकूद एवं शारीरिक शिक्षक संगोष्ठी का किया शुभारंभ

**बेधड़क | चाकसू**

शिवदासपुरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को दो दिवसीय खेलकूद एवं शारीरिक शिक्षक संगोष्ठी का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में मुख्य अतिथि चाकसू कृषि उपज मंडी पूर्व चेयरमैन कैलाश शर्मा रहे।

संगोष्ठी में जयपुर जिले के 7 ब्लॉकों आंधी, तुंगा, बस्सी, कोटखावदा, माधोराजपुरा, चाकसू, सांगानेर ग्रामीण से आए शारीरिक शिक्षको को सम्बोधित करते हुए कैलाश शर्मा ने कहा कि विधानसभा चाकसू का बालक स्वस्थ और अग्रसर हो। इसके लिए समय समय पर पंचायत स्तरीय,



ब्लॉक स्तरीय, जिला स्तरीय और राज्य स्तरीय खेल कार्यक्रमों का आयोजन होने चाहिए। इस प्रकार के आयोजनों के लिए सभी शारीरिक शिक्षक रूप रेखा तैयार करें और जो समस्या व कमी है उसके लिए अवगत कराएं, ताकि मुख्यमंत्री तक आप की बात पहुंचा सके। शर्मा ने बताया कि इस बार बजट घोषणा में चाकसू में खेल स्टेडियम की घोषणा से विधानसभा के बच्चों को खेल में आगे बढ़ने का मौका मिलेगा और युवा खेल की तैयारी कर राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों में जा सकेगें। इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विद्यालय में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक जगदीश मीणा, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हनुमान सहाय मीणा, समाजसेवी कैलाश शर्मा, पंचायत समिति सदस्य शम्भू लाल मीणा, शिवदासपुरा सरपंच उदयनारायण मीणा, गिर्राज अटोलिया, सुशील सैनी, प्रधानाचार्य विद्याराम गुर्जर, स्थानीय विद्यालय की शारीरिक शिक्षिका अंजुलता शर्मा आदि मौजूद रहे।

## एमपी सीएम यादव और मंत्री देवासी ने की सीएम से मुलाकात





*जयपुर। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से शुक्रवार शाम को एमपी के मुख्यमंत्री मोहनलाल यादव ने सपत्नीक मुलाकात की। मुलाकात में दोनों मुख्यमंत्रियों के बीच हाल्ही में जारी बजट और विभिन्न राजनीतिक और सरकारी योजनाओं के विकास के संबंध में चर्चा हुई। इसके साथ ही मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से राज्यमंत्री ओटाराम देवासी सहित प्रकृति एवं पशु प्रेमी "श्री देवासी समाज" के प्रतिनिधि मंडल ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर प्रदेश के जन कल्याणकारी बजट 2024-25 में समाज के उत्थान के लिए समाविष्ट विभिन्न सौगातों के लिए प्रतिनिधिमंडल के सम्मानित सदस्यों ने आभार व्यक्त किया।*

**नवगठित स्टेट एडवाइजरी कमेटी की पहली बैठक**

# प्रदेश के ट्रांसप्लांट सेंटर और मजबूत होंगे, केंद्र को भेजा जाएगा प्रस्ताव

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में अंगदान एवं प्रत्यारोपण के अभियान को मजबूती के साथ आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं को सुगम और पारदर्शी बनाया जाएगा। साथ ही, अंगदान एवं प्रत्यारोपण के संबंध में निचले स्तर तक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

प्रदेश के ट्रांसप्लांट सेंटरों एवं नॉन ट्रांसप्लांट ऑर्गन रिट्रीवल सेंटर्स को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए राज्य सरकार की ओर से भारत सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य




सचिव शुभ्रा सिंह ने अंगदान और अंग प्रत्यारोपण से सम्बंधित नवगठित स्टेट एडवाइजरी कमेटी की शुक्रवार को चिकित्सा शिक्षा भवन में आयोजित पहली बैठक में अध्यक्षता करते हुए इस संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अंगदान संवेदनशील विषय है, ऐसे में अंग प्रदाता और उनके परिजनों की संवेदनशील रूप से काउंसलिंग आवश्यक है। उन्होंने अंगदान और अंग प्रत्यारोपण को सफल बनाने के लिए चिकित्सकों, ट्रांसप्लांट कॉर्डिनेटर एवं ट्रांस्पलांट टीम सहित प्रत्येक स्तर पर ट्रेनिंग दिए जाने के लिए स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन (सोटो) को निर्देशित किया। बैठक में चिकित्सा शिक्षा आयुक्त इकबाल खान, विधि एवं विधिक मामले विभाग के संयुक्त शासन सचिव, एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. दीपक महेश्वरी, सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक के अधीक्षक डॉ. विनय मल्होत्रा, न्यूरोसर्जरी के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. मनीष अग्रवाल, समुचित प्राधिकारी डॉ. रश्मि शर्मा और श्रीमान मीणा सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे। नोटो के निदेशक डॉ. अनिल कुमार वीसी से बैठक में शामिल हुए।

### मेडिकल टूरिज्म से भी बढ़ाया जाएगा अंगदान

सिंह ने कहा कि प्रदेश में लाइव एवं कैडेवर अंगदान और अंग प्रत्यारोपण के कार्य को प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। चिकित्सा विभाग एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा निरंतर नए कदम उठाए जा रहे हैं। राज्य सरकार का प्रयास है कि मेडिकल टूरिज्म के माध्यम से अंग प्रत्यारोपण और अंगदान को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि ब्रेन डेड अंग प्रदाता के केस में ब्रेन डेड मरीज की पहचान, परिजनों की अंगदान के लिए सहमति होनी चाहिए।

### स्वास्थ्य बीमा योजनाओं में उपलब्ध हैं पैकेज

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि अंग प्राप्तकर्ताओं की वेटिंग लिस्ट में भी पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। साथ ही स्टेट ऑथोराइजेशन कमेटी भी अंग प्रदान करने के लिए तय समय में ही एनओसी प्रदान करे, जिससे अंग प्राप्तकर्ता को अधिक इंतजार ना करना पड़े। उन्होंने इस प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन करने के लिए पोर्टल तैयार करने के भी निर्देश दिए। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि अंगदान एक महंगी प्रक्रिया है। राज्य सरकार ने इसके लिए मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना सहित अन्य स्वास्थ्य बीमा योजनाओं में अंगदान को पैकेज के रूप में शामिल किया है, ताकि परिजनों पर आर्थिक भार ना आए। उन्होंने कहा कि लोगों तक ज्यादा से ज्यादा इसकी जानकारी पहुंचाई जानी चाहिए।

### एक अप्रेल से अब तक 75 एनओसी जारी

सिंह ने बैठक में फर्जी एनओसी प्रकरण की भी समीक्षा की। इस दौरान एनओसी के लिए तैयार की गई एसओपी का प्रस्तुतीकरण दिया गया। सिंह ने सभी स्टेक होल्डर्स के साथ बैठक कर एसओपी पर सुझाव लेने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि फर्जी एनओसी प्रकरण के बाद गठित नई राज्य स्तरीय प्राधिकृत समिति द्वारा एनओसी जारी करने के लिए नियमित बैठकें आयोजित की जा रही हैं। एक अप्रेल, 2024 से 5 जुलाई, 2024 तक 86 प्रकरण प्राप्त हुए थे, जिनमें से 75 एनओसी जारी की गई है।

# NIRWAN UNIVERSITY JAIPUR
# निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर

NIRWAN UNIVERSITY JAIPUR ESTD. 2017

Established by the Rajasthan State Legislature vide Act No.2 of 2017 and recognised U/s 2(f) of the UGC Act 1956



# ADMISSIONS OPEN 2024-25

## REGISTER NOW

- B.Com, M.Com
- BCA, MCA
- BDS, MDS
- B.Tech., M.Tech.
- B.Sc., M.Sc.
- BA, MA
- D.MLT, B.MLT
- B.Pharm, D.Pharm
- Yoga
- BPT, MPT
- B.Sc. Nursing
- LL.B., LL.M.
- B.Sc. (Hons.) Agri, M.Sc. (Ag) Agronomy, DAESI

## SALIENT FEATURES

- Industry Oriented Programmes
- Lush Green Campus
- Modern Infrastructure
- Highly Qualified & Committed Faculty
- Hi-Tech Labs
- Interdisciplinary Research Cell
- Innovative Teaching-Learning
- Placement Cell
- Wi-Fi- enabled Campus & Hostel
- Separate Hostel for Boys'& Girls'
- Transportation Facilities
- Sports Facilities
- Extra-Curricular Activities
- Admissions through CUET 2024-25

### INNOVATION CULTURE

**Inculcate the Spirit of Innovation:** Be part of a Culture that Fuels Creativityand Drives Progress

### BEST FACULTY

**Unlock Your Potential under the Guidance of the Best Faculty:** Empowering Minds and Shaping Futures

### TOP PLACEMENT

Elevate your Career to New Heights with Premier Placements, where Success Paves its way

### GLOBAL TIE-UPS

Broaden your Horizons and Seize Limitless Opportunities across the Globe through International Partnerships

idp | NATIONAL RESEARCH UNIVERSITY | sas

**25+** STATES

**20000+** STUDENTS' NETWORK

**25 Yrs'** OF EXCELLENCE IN HIGHER EDUCATION

## MORE INFORMATION: +91 9289800300

MAIN CAMPUS : Nirwan University Jaipur, Near Bassi- Rajadhok Toll, Agra Road, Jaipur- 303305,
CITY OFFICE : 21, Sahkar Marg, 1st Floor, Near 22 Godam Circle, Jaipur – 302019 Rajasthan,
Call : +91 141- 2228000 | Email : info@nirwanuniversity.ac.in | Website : www.nirwanuniversity.ac.in

## जरूरी खबर

### करंट लगने से बुजुर्ग व्यक्ति की हुई मौत



**चाकसू।** कोटखावदा थाना अंतर्गत राड़ोली गांव में शुक्रवार को सुबह बिजली का करंट लगने से एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। एएसआई कालूराम मीणा ने बताया कि राम नारायण निवासी राड़ोली पड़ोसी की जमीन में साझेदारी में खेती बाड़ी का काम करता था। शुक्रवार को सुबह 7 बजे के करीब खेत पर ट्यूबवैल की मोटर चलाने के लिए गया था कि स्टार्टर से करंट लगने से अचेत हो गया। बाद में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### पीएम के सम्मान पर विधायक ने जताई खुशी

**चाकसू।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रूस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान मिलने पर चाकसू विधायक रामावतार बैरवा ने खुशी जताई एवं बधाई दी हैं। विधायक बैरवा ने कहा कि पीएम मोदी ने विदेशों में हमारे भारत देश का मान बढ़ाया और उनके कुशल नेतृत्व में भारत विश्व में सिरमौर बनने की ओर अग्रसर हैं। बताया कि मॉस्को में पीएम मोदी को द ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल से नवाजा गया हैं। यह पुरस्कार पूरे भारतवर्ष के लिए गौरव की बात है। विधायक बैरवा ने आगे बताया कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से रूस का सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार हासिल करने से पहले कई देश पूर्व में सम्मानित कर चुके हैं।

### 10 हजार का इनामी दुष्कर्मी गिरफ्तार




**धौलपुर।** जिले की कौलारी थाना पुलिस ने शुक्रवार को 10 हजार रुपए का इनामी दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। दो महीने पूर्व आरोपी ने घात लगाकर रात में महिला के साथ हैवानियत की घटना को अंजाम दिया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपी फरार चल रहा था, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। कौलारी थाना प्रभारी भंवर सिंह ने बताया कि थाना इलाके की एक महिला ने दुष्कर्म का आपराधिक प्रकरण इस्तगासे के जरिए दर्ज कराया था। रिपोर्ट में आरोप था कि 8 मई की रात को महिला छत पर अकेली सो रही थी, तभी घात लगाकर आरोपी सत्येंद्र गौतम वहां पहुंच गया और मुंह में कपड़ा ठूंसकर आरोपी ने महिला के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

---

**पुराना कटला सुभाष चौक स्थित जगन्नाथ मंदिर में विश्राम के समय** मनोकामना पूरी होने के लिए भक्त बांधते हैं नारियल

# विश्राम के दौरान भगवान जगन्नाथ करते हैं मनोकामना पूरी

**बेधड़क** | अलवर

शहर के पुराना कटला सुभाष चौक स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर के प्रांगण में तीन दिनों तक श्रद्धालुओं जमावड़ा लगा रहता है। इस दौरान श्रद्धालु मन्नत का नारियल बांधते हैं और मनोकामना पूर्ण होने की कामना करते हैं।

लोगों का मानना है कि जब भगवान 72 घंटे गर्भ गृह में विश्राम करते हैं, तब आराम के दौरान श्रद्धालुओं की मनोकामना सुनते हैं और उन्हें जल्द से जल्द पूर्ण करते हैं। विदेश में बैठे भक्त भी व्हाट्सएप के जरिए मंदिर के महंत से मन्नत के नारियल बंधवाते हैं।



मंदिर के महंत पुष्पेंद्र शर्मा ने कहा कि भगवान जब गर्भ गृह में 72 घंटे के लिए जाते हैं, तब राजस्थान ही नहीं बल्कि अन्य क्षेत्रों से भी श्रद्धालु मंदिर में आकर भगवान के आगे अपनी मनोकामनाएं रखते हैं और मन्नत का नारियल बांधते हैं। उन्होंने बताया कि तीन दिन में हजारों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में पहुंचकर नारियल बांधते हैं। जिन श्रद्धालुओं की मनोकामना पूर्ण होती है, वे मंदिर परिसर में बांधा हुआ मन्नत का नारियल खोलते हैं।

### डायरी में लिखते हैं भगवान जगन्नाथ के नाम मनोकमना

महंत पुष्पेंद्र शर्मा ने बताया मंदिर में आने वाले श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ के आगे रखी डायरी में अपनी मनोकामना लिखते हैं। इनमें अमूमन शादी, संतान, नौकरी, विदेश यात्रा, व्यापार, घर में खुशहाली से संबंधित व अन्य तरह की मनोकामना होती है। महंत ने बताया कि श्रद्धालुओं का मानना है कि इन तीन दिनों में भगवान आराम के दौरान श्रद्धालुओं की मनोकामना पूर्ण करते हैं। जिसके चलते भक्तों की भारी भीड़ मंदिर परिसर में रहती है।

### महंत से वॉट्सएप पर करते हैं बात व बंधवाते हैं नारियल

महंत पुष्पेंद शर्मा ने बताया कि भगवान जगन्नाथ कि आस्था लोगों में इतनी है कि भक्त सुबह 5 बजे से मंदिर परिसर में मन्नत का नारियल बांधने के लिए पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि जो भक्त भारत से बाहर हैं और मंदिर के प्रति आस्था रखते हैं, वे व्हाट्सएप पर बात कर पूजा करते है व नारियल बंधवाते हैं। महंत पुष्पेंद्र शर्मा ने कहा कि इन 72 घंटे के समय में भगवान की अंग सेवा की जाती है। उस समय मंदिर परिसर में जाकर भगवान को नारियल बांधते हैं। मंदिर के महंत ने कहा कि भक्तों का विश्वास है कि भगवान अभी आराम कर रहे हैं, तो वह भक्तों को दर्शन तो नहीं देंगे, लेकिन भक्तों की मनोकामना को अवश्य पूर्ण करेंगे। इसी के चलते भक्तों की संख्या इन दिनों में ज्यादा रहती है। इसीलिए मंदिर में ज्यादा से ज्यादा नारियल बांधे जाते हैं।

### मन्नत पूर्ण होने पर खोलते हैं नारियल

पुष्पेंद्र शर्मा ने बताया कि मंदिर परिसर में हर साल श्रद्धालु मनोकामना पूर्ण होने के बाद नारियल खोलने के लिए भी आते हैं। जो श्रद्धालु मंदिर में नहीं पहुंच पाते, इनके लिए मेले से पहले 11 पंडितों द्वारा मंत्रोचार के साथ सभी नारियलों को खोला जाता है। ऐसा माना जाता है कि भक्तों की सभी मनोकामना पूर्ण हो गई है। इसके बाद सभी नारियलों को खोला जाता है। इसके बाद आने वाले श्रद्धालु नए नारियल बांधते हैं।

---

**डिवाइडर पर चढ़कर सड़क** किनारे पलटी गाड़ी

# बारातियों से भरी लोडिंग गाड़ी पलटने से 2 की मौत, 14 घायल

**बेधड़क** | धौलपुर

बारातियों से भरी एक तेज रफ्तार लोडिंग गाड़ी बेकाबू होकर पलट गई। इस दुर्घटना में दो बारातियों की मौत हो गई है, वहीं तीन की हालत नाजुक है, जिन्हें जयपुर रेफर किया गया है। घटना सदर थाना इलाके के सैपऊ रोड की है। घटना के बाद पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। शवों का पोस्टमार्टम कराया गया। घटना से शादी की खुशियां मातम में बदल गई।

सदर थाना प्रभारी रामनरेश मीणा ने बताया कि मरेना निवासी ब्रह्म लाल अपने पुत्र सतीश कुमार की बारात लेकर पुरेनी गांव जा रहा था। सभी बाराती लोडिंग केन्ट्रा गाड़ी में भरकर जा रहे थे। बारातियों से भरी गाड़ी जैसे ही पचगांव पुलिस चौकी के पास पहुंची तो तेज गति में होने के कारण चालक से संतुलन बिगड़ गया और गाड़ी डिवाइडर पर चढ़कर सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटना से मौके पर हाहाकार मच गया। पचगांव पुलिस चौकी के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए। दुर्घटना में करीब 15 घायल लोगों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। उन्होंने बताया कि चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण कर 50 वर्षीय सुरेश पुत्र रतिराम को मृत घोषित कर दिया। वहीं 35 वर्षीय राजू पुत्र जनवेद और 40 वर्षीय बबलू पुत्र गंगाराम को जयपुर रेफर कर दिया। इस बीच उपचार के लिए जयपुर ले जाते समय रास्ते में राजू की मौत हो गई। घायलों में तीन की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। शुक्रवार सुबह मृतकों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।



### ये बाराती हुए घायल

लोडिंग केन्ट्रा गाड़ी पलटने से दुर्घटना में 30 वर्षीय राकेश पुत्र प्रताप सिंह, 33 वर्षीय राजवीर पुत्र ओमप्रकाश, 35 वर्षीय पप्पू पुत्र रामदयाल, 30 वर्षीय टीटू पुत्र बाबूलाल, 60 वर्षीय कालीचरन पुत्र सेवाराम, 30 वर्षीय बृजमोहन पुत्र डालचंद, 8 वर्षीय प्रवेश पुत्र अवतार, 65 वर्षीय मुन्नालाल पुत्र रामदयाल, 8 वर्षीय अविनाश पुत्र रिंकू, 35 वर्षीय मुकेश पुत्र घूरेलाल, 15 वर्षीय मोहित पुत्र राजू और 12 वर्षीय थोनी पुत्र राजू घायल हुए हैं।

### बाइक और स्कूटी में टक्कर में एक की मौत, तीन जने हुए घायल

कुचामन सिटी। कुचामन शहर के पदमपुरा जाने वाले मार्ग पर शुक्रवार को एक बाइक और स्कूटी की आमने-सामने की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं एक महिला सहित तीन लोग गंभीर घायल हो गए। सूचना मिलने पर कुचामन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को कुचामन के राजकीय जिला अस्पताल पहुंचाया। कुचामन थाना पुलिस के हेड कांस्टेबल रामदेव पुरी ने बताया कि सांभर निवासी सुरेश कुमावत और उनकी पत्नी मंजू कुमावत कुचामन आ रहे थे। पदमपुर रोड पर उनकी सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में सुरेश कुमावत की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उनकी पत्नी मंजू देवी और बाइक सवार दो भाई निवासी ग्राम नालोट रघुवीर और मुकेश घायल हो गए। मंजू देवी की हालत गंभीर देखकर कुचामन चिकित्सालय के चिकित्सकों ने इलाज के लिए मंजू को जयपुर रैफर कर दिया। बाइक सवार दोनों भाइयों के भी काफी चोट आई है। इन्हें राजकीय जिला अस्पताल कुचामन में प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मोटरसाइकिल और स्कूटी दोनों ही तेज गति में आ रहे थे। दोनों के आमने-सामने टक्कर होने पर बहुत तेज आवाज आई। वे मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। थाना अधिकारी सुरेश चौधरी ने बताया कि मृतक का शव राजकीय जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है। परिजनों को इसकी सूचना दे दी गई है। परिजनों के आने के बाद ही पोस्टमार्टम कराया जाएगा। अभी तक इस मामले में किसी ने भी रिपोर्ट नहीं दी है।

---

**पुलिस व सोशल मीडिया से लगाया पता**

# पेट दर्द का बहाना बना स्कूल से दो बच्चे गायब, चार घंटें बाद मिले

**बेधड़क** | राजसमंद

जिले के केलवा इलाके में स्कूल का होमवर्क पूरा नहीं होने पर पेट दर्द का बहाना बनाकर दो नाबालिग बच्चे स्कूल की पार्किंग से गायब हो गए। पेरेंट्स को जब इसका पता चला तो हड़कंप मच गया। करीब 4 घंटे बाद दोनों स्टूडेंट बस स्टैंड के पास मिल गए।

दरअसल 14 साल का 8वीं और 10 साल का छठी क्लास का स्टूडेंट सुबह 8 बजे बस से स्कूल पहुंचे थे। बस में स्कूल की महिला कर्मचारी ने जब बच्चों को कतार में लगने को कहा तो वे बस के पीछे जाकर छिप गए। फिर पार्किंग की छोटी दीवार को कूदकर अपने पड़ोसी दोस्त के साथ घर की ओर चला गया। पेरेंटस को जब बच्चों ने बताया कि वो बस में तो आए थे, लेकिन पार्किंग से ही वापस चले गए। उसके बाद पुलिस को सूचना की गई। सूचना मिलते ही पुलिस अलर्ट हुई और सोशल मीडिया पर बच्चों की जानकारी शेयर की गई।



### बस स्टैंड पर मिले दोनों बच्चे

बच्चों की तलाश के दौरान दोपहर 12.30 बजे केलवा बस स्टैंड पर एक ठेले के पास दोनों बच्चे मिले। कॉन्स्टेबल दारा सिंह ने उनसे बात करनी चाही तो भी वो नहीं बोले। कॉन्स्टेबल ने बच्चों को समझाया और पुलिस थाने लेकर पहुंचा। जहां पेरेंट्स भी पहुंच गए और बच्चों को सुपुर्द किया गया। एक बच्चे के पिता ने बताया कि बेटा पिछले 4-5 दिन से स्कूल नहीं जा रहा था। गुरुवार रात को उसे समझाया कि स्कूल तो जाना पड़ेगा, फीस भी भर दी है। इसके बाद वह स्कूल जाने के लिए तैयार हो गया। शुक्रवार सुबह 8 बजे के करीब खुद ही तैयार होकर कॉम्प्लेक्स से नीचे चला गया। स्कूल में जाकर वहां से गायब हो गया।

### स्कूल संचालक ने कहा

स्कूल संचालक ने बताया कि दोनों बच्चों में से एक का 1 या 2 जुलाई को एडमिशन कराया था। उसके बाद वह बच्चा 1 दिन आया और अगले दिन 1 घंटे रुककर चला गया। उसके बाद वापस पेरेंट्स बच्चे को लेकर आए तो उसे समझाया, लेकिन बच्चे का स्कूल में मन नहीं था। शुक्रवार को स्कूल के सामने की साइड में पार्किंग से बच्चे गायब हो गए।

---

**मार्च में रवीन्द्र नाथ टैगोर मेडिकल कॉलेज** में होगा कार्यक्रम

# NMO का राष्ट्रीय अधिवेशन उदयपुर में, नड्डा ने किया पोस्टर का विमोचन

**बेधड़क** | उदयपुर

देशभर के मेडिकल एवं दंत चिकित्सकों व विद्यार्थियों के संगठन नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन का राष्ट्रीय अधिवेशन एनएमओ कोन 2025 आगामी 1 व 2 मार्च 2025 को उदयपुर के रवीन्द्र नाथ टैगोर आयुर्विज्ञान महाविद्यालय में आयोजित होगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने नई दिल्ली में निर्माण भवन स्थित स्वास्थ्य मंत्रालय में इस अधिवेशन के पोस्टर का विमोचन किया। एनएमओ के उदयपुर



चैप्टर अध्यक्ष और सेटेलाइट अस्पताल अधीक्षक डॉ राहुल जैन ने बताया कि राष्ट्रीय अधिवेशन की थीम महाराणा प्रताप पर रखी गई है। अधिवेशन से एक दिन पूर्व साइकिल यात्रा का आयोजन किया जाएगा, जो उदयपुर से प्रारम्भ होकर नाथद्वारा एवं हल्दीघाटी होते हुए टाइगर हिल स्थित प्रताप गौरव केंद्र पर समाप्त होगी। उन्होंने बताया कि अधिवेशन में पूरे देश से लगभग 2000 मेडिकल व दंत चिकित्सक तथा चिकित्सा विद्यार्थी भाग लेंगे। इस दौरान साइंटिफिक पेपर प्रेजेंटेशन, ई-पोस्टर प्रेजेंटेशन व मेडिकल-डेंटल क्विज होगी। विमोचन के अवसर पर एनएमओ के अखिल भारतीय अध्यक्ष डॉ. चंद्रभानु त्रिपाठी, सचिव डॉ. अश्विनी टंडन, संगठन मंत्री डॉ. पुनीत अग्रवाल, कोषाध्यक्ष डॉ. अक्षय चंद धारीवाल आदि उपस्थित रहे।

---

**जलदाय विभाग:** रिटायरमेंट संबंधित कार्यों को करने की एवज में मांगी थी घूस

# वरिष्ठ सहायक 10 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा

**बेधड़क** | सवाई माधोपुर

एसीबी ने शुक्रवार को जलदाय विभाग के सहायक कार्यालय में ट्रैप की कार्रवाई को अंजाम दिया और जन अभियांत्रिक विभाग ग्रामीण उपखंड के वरिष्ठ सहायक हरिओम गोयल को एसीबी की टीम ने 10 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र शर्मा के नेतृत्व में कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। एसीबी के एएसपी सुरेंद्र शर्मा के अनुसार रसूलपुरा निवासी परिवादी खुर्शीद खान के पिता इशाक मोहम्मद जलदाय विभाग से रिटायर हुए थे। परिवादी के पिता के पीएल के जमा पैसे पास करवाने व अन्य रिटायर्ड संबंधित कार्यों को करने की एवज में आरोपी वरिष्ठ सहायक हरिओम गोयल ने 10 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की थी। इसकी शिकायत परिवादी ने एसीबी कार्यालय में उपस्थित होकर एसीबी अधिकारियों को दी। जिसके बाद एसीबी ने शिकायत का सत्यापन करवाया, तो आरोपी द्वारा रिश्वत की राशि की मांग की पुष्टि हुई। रिश्वत राशि की पुष्टि के बाद आज एसीबी की टीम ने जलदाय विभाग के सहायक कार्यालय में ही आरोपी को परिवादी से 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एसीबी द्वारा आरोपी वरिष्ठ सहायक हरिओम गोयल को कागजी कार्रवाई के बाद एसीबी कोर्ट भरतपुर में पेश किया जाएगा।



---

**बाल कल्याण समिति की काउंसिलिंग में पीड़िता ने बताई आप बीती**

# नाबालिग बच्ची के साथ हैवानियत, मां के लिव इन पार्टनर की करतूत

**बेधड़क** | जैसलमेर

15 साल की एक नाबालिग बच्ची के साथ अपनी मां के लिव इन पार्टनर पर मारपीट करने और प्राइवेट पार्ट में गरम तेल डालने का मामला सामने आया है। बच्ची का आरोप है कि अनैतिक काम करने से मना करने पर उसके साथ यह हैवानियत की गई। बच्ची को दो दिन तक कमरे में बंद रखा।

शरीर से बदबू आने पर मां उसे अस्पताल के पास ले गई। दूसरी बार फिर से मारपीट होने पर बच्ची 30 जून को घर से भागी। वह रात को जवाहर हॉस्पिटल रुकी। वहां से अगले दिन निकली तो रास्ते में ट्रैफिक पुलिस को अपनी दास्तान बताई। पुलिस ने उसे कोतवाली भिजवाया जहां से यह केस महिला




थाने को भेजा गया। महिला थाने ने एक जुलाई को उसकी मां को पूछताछ के लिए बुलाया। बच्ची ने पुलिस को केवल मारपीट की बात ही बताई। इस पर मारपीट का मामला दर्ज किया गया। बच्ची ने घर जाने का मना किया तब पुलिस ने इसे सखी केंद्र भेजा। जहां से बच्ची को बाल कल्याण समिति को सौंपा गया। बच्ची ने बाल कल्याण समिति की काउंसिलिंग में उसके साथ गलत काम होने की बात बताई है। गौरतलब है कि एक नाबालिग बालिका को महिला पुलिस ने कुछ दिन पहले बाल कल्याण समिति को सौंपकर सखी केंद्र भिजवाया था। बालिका ने पुलिस को बताया था कि उसकी मां के साथ लिव इन में रहने वाले एक व्यक्ति, जिसको वो चाचा कहती है, उसने उसे गर्म तेल से जलाया था। जिसके बाद पुलिस ने बालिका के बयान दर्ज करने के बाद मुकदमा दर्ज कर उसे बाल कल्याण समिति को सौंप दिया। अब बाल कल्याण समिति में नाबालिग बालिका के बयानों के आधार पर अध्यक्ष मुकेश व्यास ने गुरुवार को थानाधिकारी को पत्र लिखकर नाबालिग के साथ उसी व्यक्ति द्वारा अनैतिक काम करने की भी शिकायत दी है। अब पुलिस कोर्ट में बालिका के 164 में बयान दर्ज करवाएगी।

### मुंह बोले चाचा और मां के लिव इन पार्टनर पर आरोप

बाहरी राज्य से आए पुरुष व महिला लिव इन में रह रहे हैं। महिला महाराष्ट्र और उसका साथी हरियाणा से है। पुरुष के दो बेटे व महिला के दो बेटियां व एक बेटा है। महिला की छोटी बेटी ने मां के साथ लिव इन में रहने वाले व्यक्ति के खिलाफ गर्म तेल से जलाने की शिकायत देने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बालिका को बाल कल्याण समिति को सौंप दिया था। महिला थानाधिकारी गीता विश्नोई ने बताया कि बालिका से पहले पूछताछ में उसने गर्म तेल से जलाने की शिकायत दी थी। जिसके बाद अब बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष ने पत्र भेजकर अनैतिक काम करने की बात कही है। बालिका के अब बयान दर्ज किए जाएंगे। जिसके बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

### अनैतिक काम का विरोध करने पर मारपीट

बाल कल्याण समिति के समक्ष दिए बयानों में नाबालिग बालिका ने बताया कि उसका मुंह बोला चाचा उसकी मां के साथ 8 साल से लिव इन में रह रहा है। उसके पिता की मौत हो चुकी है। तब से उसकी मां उसके साथ ही रह रही है। उसका मुंह बोला चाचा उसकी बड़ी बहन से लगातार गलत कार्य कर रहा है तथा उसके साथ भी गलत काम करना चाहा। जब उसने मां को बताया तो वह कुछ भी नहीं बोली और उसे चुप रहने को कहा। 14 जून को उसने जब उसके साथ जबरदस्ती करनी चाही तो मेरे विरोध करने पर उसने मेरे प्राइवेट पार्ट में गरम तेल उड़ेल दिया तथा मुझे 2 दिन तक एक कमरे में बंद कर दिया। मेरे शरीर में जब बदबू आने लगी तब मेरी मां मुझे अस्पताल लेकर गई जहां मेरा इलाज करवाया।

### 60 रुपए चोरी के आरोप में फिर पीटा

बालिका ने आरोप लगाया कि पहली घटना के बाद दूसरी बार 30 जून को मां को पूछकर उसने मुंह बोले चाचा की जेब से 60 रुपए लिए। तब चाचा ने गलत काम के लिए मना करने का बदला लेते हुए फिर उसे मारा-पीटा। 30 जून को फिर से मारपीट होने पर बच्ची घर से भागी और रास्ते में ट्रैफिक पुलिस को अपनी दास्तान बताई। पुलिस ने उसे कोतवाली भिजवाया और मारपीट का मामला दर्ज किया। बच्ची ने घर जाने का मना किया तब पुलिस ने इसे सखी केंद्र भेजा। जहां से बच्ची को बाल कल्याण समिति के सुपुर्द किया गया।

## जरूरी खबर

### खुले में अवैध मांस बेचने पर 4 दुकानें सीज



**जयपुर।** नगर निगम हेरिटेज की पशु प्रबंधन शाखा ने शुक्रवार को बिना लाइसेंस और खुले में मीट बेचने वाली दुकानों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 4 दुकानें सीज की हैं। हेरिटेज निगम के पशु प्रबंधन शाखा उपायुक्त राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि हेरिटेज निगम की ओर से बिना लाइसेंस और खुले में मांस बेचने पर कार्रवाई की जा रही है। गुरुवार को निगम टीम ने पठानों का चोक, ब्रह्मपुरी, काग़दीवाड़ा, रामगढ़ मोड़ में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई दुकानों पर खुले में मीट बेचा जा रहा था । जिस पर कार्रवाई करते हुए चार मीट दुकानों को सीज किया गया। इसके अलावा 40 किलो अवैध मीट को जब्त कर नष्ट कराया गया। पशु प्रबंधन उपायुक्त राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि शाखा की ओर से ऐसे लोगों पर लगातार कार्रवाई की जाएगी।

### हेरिटेज निगम ने 44 हजार रुपए कैरिंग चार्ज वसूला

**जयपुर।** हेरिटेज नगर निगम की स्वास्थ्य शाखा ने कचरा फैलाने और सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 44600 रुपए का कैरिंग चार्ज वसूल किया है। इस सबंध में उपायुक्त स्वास्थ्य सोहन सिंह नरूका ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक रखने वाले और गंदगी करने वालों के खिलाफ शाखा लगातार कार्रवाई कर रही है। इसमें सीएसआई ने 16500 रुपए, यूजर चार्ज 1800 रुपए, और वॉच राइडर ने 26300 रुपए वसूल किए हैं। उपायुक्त नरूका ने बताया कि प्लास्टिक प्रकृति और मानव के लिए हानिकारक है। आमजन के इसके बजाए कपडे या जूट का बैग उपयोग में लेना चाहिए। प्लास्टिक के कई हानिकारक दुष्प्रभाव है। हेरिटेज निगम के द्वारा बाजारों में जाकर समझाइश भी की जा रही है।

मेयर मुनेश गुर्जर को बर्खास्त कर अभियोजन स्वीकृति देने की फिर उठाई मांग

# ...अब BJP पार्षदों ने प्रदेश प्रभारी और अध्यक्ष को बताई नाराजगी

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर नगर निगम हेरिटेज के 30 से ज्यादा बीजेपी पार्षदों ने शुक्रवार को मेयर मुनेश गुर्जर को बर्खास्त कर उनके खिलाफ अभियोजन स्वीकृति देने की मांग करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी और प्रदेश प्रभारी विजया राहटकर से मुलाकात की। इस पर पार्टी नेताओं ने भी जल्द मुनेश के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया।

बीजेपी पार्षद कुसुम यादव ने कहा कि राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी का स्वराज आ चुका है। बावजूद इसके कांग्रेस पार्टी की भ्रष्टाचारी मेयर मुनेश गुर्जर आज भी नगर निगम के महापौर पद पर काबिज हैं। इनके खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो में आरोप साबित हो चुके हैं। इसलिए हमने प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी और प्रभारी विजया राहटकर से मुलाकात कर मुनेश को बर्खास्त कर उनके खिलाफ अभियोजन स्वीकृति देने की भी मांग की है, ताकि नगर निगम हेरिटेज में जीरो टॉलरेंस की नीति पर एक बार फिर राम राज्य की स्थापना हो सके।






### यूडीएच मंत्री झाबर सिंह से भी मिल चुके हैं पार्षद

बता दें कि इससे पहले गुरुवार को भाजपा पार्षदों ने यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खारा बीजेपी के प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी और जयपुर शहर भाजपा के अध्यक्ष राघव शर्मा से मुलाकात कर मेयर मुनेश गुर्जर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। वहीं, अब भाजपा पार्षद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तक अपनी पीड़ा पहुंचाने की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि राजस्थान की भाजपा सरकार मुनेश गुर्जर के खिलाफ जल्द एक्शन ले सकती है।

### बीजेपी की सरकार, फिर भी होना पड़ रहा परेशान

भाजपा नेता संजय जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की मेयर ने जमकर भ्रष्टाचार किया है। आज भी नगर निगम में बीजेपी की सरकार बनने के बावजूद भाजपा पार्षदों को परेशान होना पड़ रहा है। इन्हीं समस्याओं को लेकर हमने बीजेपी के बड़े नेताओं तक अपनी समस्या पहुंचाई थी। इस पर उन्होंने जल्द से जल्द समाधान का वादा किया है। हमें पूरी उम्मीद ही नहीं, बल्कि विश्वास है कि राजस्थान की भजनलाल सरकार जल्द जयपुर के पार्षदों की समस्या का समाधान करेगी। ऐसे में न सिर्फ मुनेश गुर्जर को बर्खास्त किया जाएगा। नगर निगम हेरिटेज में समितियों का गठन भी होगा, ताकि आम जनता के रोजमर्रा के काम के लिए उन्हें परेशान ना होना पड़े।

RU में पैदल मार्च कर रहे छात्रों पर पुलिस ने किया बल प्रयोग

# छात्र संघ चुनाव के लिए प्रदर्शन छात्रों को घसीटा, 4 हिरासत में

**बेधड़क** | जयपुर

छात्र संघ चुनाव की मांग फिर जोर पकड़ रही है। छात्रों ने शुक्रवार को इसके लिए राजस्थान यूनिवर्सिटी में पैदल मार्च निकाला। प्रदर्शन कर रहे छात्रों को पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर खदेड़ा। इस दौरान पुलिस ने 4 प्रदर्शनकारी छात्रों को हिरासत में भी लिया।

शुक्रवार सुबह 11:30 बजे राजस्थान यूनिवर्सिटी में छात्र नेता शुभम रेवाड़ के नेतृत्व में बड़ी संख्या में छात्र इकट्ठा हुए। करीब 12 बजे छात्र रैली निकालकर राजस्थान यूनिवर्सिटी के मुख्य द्वार पर पहुंचे। यहां कुछ देर बैठकर छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया। 12:30 बजे छात्र यूनिवर्सिटी का गेट लांघने की कोशिश करने लगे। वे विधानसभा की तरफ जाना चाहते थे। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर सभी को रोका। प्रदर्शन कर रहे छात्रों को पुलिस जबरदस्ती उठाने लगी। साथियों के रोकने पर पुलिस के जवानों ने दो छात्रों को पहले घसीटा। फिर एक को अलग कर दूसरे को उठा ले गई। शुभम समेत चार छात्रों को हिरासत में ले लिया।





### पूर्व छात्र नेता मुख्यमंत्री को लिख रहे लेटर

राजस्थान में छात्र नेताओं के साथ ही राजस्थान यूनिवर्सिटी के छात्र संघ अध्यक्ष रहे ज्ञान सिंह चौधरी, हुकुम सिंह, कालीचरण सराफ, हनुमान बेनीवाल, जितेंद्र श्रीमाली, रणवीर सिंह गुढ़ा, पुष्पेंद्र भारद्वाज, अशोक लाहोटी, प्रताप सिंह खाचरियावास, राजेंद्र सिंह राठौड़, राजकुमार शर्मा, अखिल शुक्ला, मनीष यादव, अनिल चौपड़ा, कानाराम जाट, अंकित धायल, विनोद जाखड़ ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को लेटर लिख प्रदेश में फिर से छात्र संघ चुनाव कराने की मांग की हैं।

### प्रदेशभर में बढ़ता जा रहा विरोध

दरअसल, राजस्थान में फिर से छात्र संघ चुनाव बहाल करने की मांग को लेकर प्रदेशभर में विरोध बढ़ता जा रहा है। विधानसभा से लेकर सड़क तक, छात्र नेता से लेकर विधायक और सांसद तक राजस्थान में एक बार फिर छात्र संघ चुनाव बहाल करने की मांग कर रहे हैं। राजस्थान यूनिवर्सिटी समेत प्रदेश की विभिन्न यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र संघ पदाधिकारियों ने भी इसको लेकर सरकार को पत्र लिखे हैं।

### 2022 के बाद नहीं हुए छात्रसंघ चुनाव

राजस्थान में साल 2005 छात्रसंघ चुनाव के दौरान काफी हंगामा और हुड़दंग हुआ था। इसके बाद हाईकोर्ट में पीआईएल दायर की गई थी। साल 2006 में कोर्ट ने छात्रसंघ चुनाव पर रोक लगा दी थी। इसके बाद साल 2010 में एक बार फिर छात्रसंघ चुनाव की शुरुआत हुई थी। हालांकि, साल 2020 और 2021 में भी कोरोना संक्रमण की वजह से छात्रसंघ चुनाव नहीं हो पाए थे। सरकार ने 29 जुलाई 2022 को एक बार फिर छात्रसंघ चुनाव कराने का फैसला किया था, लेकिन पिछले साल 12 अगस्त को कांग्रेस सरकार ने छात्र संघ चुनाव रद्द करने का फैसला किया था।

सरकार ने 10% भत्ता बढ़ाया

# सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स को अब हर दिन मिलेगा 747 रुपए पारिश्रमिक




**बेधड़क** | जयपुर

सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स को अब हर दिन काम के 679 रुपए की जगह 747 रुपए प्रतिदिन मिलेंगे। इस बढ़ोतरी के साथ ही अब प्रदेश में 5 हजार से अधिक वॉलंटियर्स को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, होमगार्ड समेत अन्य वॉलंटियर्स के समान मानदेय मिलेगा। राजस्थान में भजनलाल सरकार ने बजट के दूसरे दिन ही इनके भत्ते 10 फीसदी की दर से बढ़ाए हैं।

आपदा प्रबंधन सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के संयुक्त सचिव की ओर से इसके आदेश जारी किए गए हैं। यह बढ़ोरती 1 जुलाई से लागू की गई है। गौरतलब है कि गहलोत सरकार के समय सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स ने अपना मानदेय बढ़ाने की मांग की थी। भजनलाल सरकार के सत्ता में आने के बाद सरकार ने आगंनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा कार्यकर्ता, सहयोगिनी, मिड-डे मील काम करने वाले हेल्पर, लांगरी, होम गार्ड आदि के मानदेय में बढ़ोतरी कर दी थी। लेकिन, सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स को इंतजार था। बता दें कि प्रदेश में किसी भी आपदा के समय ड्यूटी के तौर पर इन्ही सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स की ड्यूटी लगाई जाती है।

आगजनी की घटना, बाढ़ या कोई अन्य सरकारी कार्य जहां आमजन की भीड़ ज्यादा रहती है। उनको मैनेजमेंट करने में इनकी ड्यूटी रहती है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

मौसमी बीमारियों से बचाव के दिए टिप्स

# घर-बाहर कहीं पानी नहीं भरने दें

**बेधड़क** | जयपुर

हेरिटेज नगर निगम की स्वास्थ्य शाखा की ओर से 'सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ' अभियान के तहत स्वामी बस्ती वार्ड नंबर 23 में आशा सहयोगियों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मौसमी बीमारियों से बचाव के टिप्स दिए गए। इस दौरान वार्ड 23 के मुख्य स्वच्छता अधिकारी जितेन्द्र कुमार ने कार्यशाला में बताया कि बारिश के पानी से लार्वा बन जाता है, जिससे जानलेवा मच्छर पैदा हो जाते हैं। इससे बचने के लिए हमें घर और अन्य सार्वजनिक जगहों पर पानी इकट्ठा नहीं होने देना है। कूलर, परिंडों की भी रोज सफाई करनी है। वहीं, लोगों को जागरूक करना है कि खाने से पहले दो मिनिट तक अच्छी तरह हाथ धोना चाहिए। इसके अलावा कचरे का पृथक्करण कराना चाहिए। सेनेटरी वेस्ट को पीले कचरापात्र में ही डालना चाहिए।



नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

# रोटरी पत्रिका और कैलेंडर का विमोचन

**बेधड़क** | जयपुर

रोटरी क्लब जयपुर का 78वां शपथग्रहण समारोह शुक्रवार को रोटरी भवन में हुआ। मुख्य अतिथि पीडीजी रो. डॉ. अशोक गुप्ता अधिष्ठापन अधिकारी रोटरी प्रांतपाल 3056 रो. डॉ. राखी गुप्ता व विशिष्ट अतिथि पीडीजी रो. अजय काला ने रोटरी क्लब जयपुर के नियमानुसार कार्य करने की प्रशंसा की।

रोटरी सत्र 2023-24 के अध्यक्ष रो. उजास चन्द जैन ने रोटरी सत्र में किए गए सामुदायिक कार्यों की संक्षिप्त जानकारी देते हुए रोटरी सत्र 2024-25 के अध्यक्ष रो. गिरधर माहेश्वरी को पदभार सौपा। अध्यक्ष रो. गिरधर माहेश्वरी ने इस सत्र में किए जाने वाले सामुदायिक कार्यों की योजना से रुबरू कराया। अधिष्ठापन अधिकारी प्रांतपाल 3056 रो. डा. राखी गुप्ता ने रोटरी सत्र 2024-25 के अध्यक्ष रो. गिरधर माहेश्वरी व अन्य पदाधिकारियों को पदभार ग्रहण करने की शपथ दिलाई।

इससे पूर्व अतिथिगण ने रोटरी क्लब जयपुर के कैलेंडर व मुख पत्र रोटरी पत्रिका का विमोचन किया। अतिथियों को क्लब काउंसलर पूर्व अध्यक्ष रो. सीए एसएल गगंवाल, प्र. ई. रो. सीए दुर्गेश पुरोहित, क्लब एडवाइजर पूर्व अध्यक्ष कमश मोजेज फिलेमन, पूर्व अध्यक्ष रो. सुधीर गुप्ता व प्र.नो. रो. श्रीकिशन शर्मा ने स्मृति चिह्न भेट किया। अंत में सचिव रो. पीयूष जैन ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

मंच संचालन पीपी रो. हरेश पाटनी व रो. शिल्पा बेन्द्रे ने किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



नगर निगम ग्रेटर कर रहा तैयारी

# सौ साल पहले आदमी कैसे मरा... इस बारे में भी जान सकेंगे ऑनलाइन!

**बेधड़क** | जयपुर

अब आजादी से पहले जन्मे व्यक्तियों और उस दौरान हुई मौत का रिकॉर्ड भी ऑनलाइन देखा जा सकेगा। इसके लिए जन्म-मृत्यु पंजीयन शाखा ने निगम से 1952 से पहले का रिकॉर्ड ढूंढवाकर उनका संधारण (ट्रांसलेट/अनुवाद) करवाना शुरू कर दिया है।

निगम अधिकारियों की माने तो ये रिकॉर्ड एक शताब्दी से भी पुराना यानी 1920 तक का मिल चुका है। नगर निगम ग्रेटर में जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रार प्रदीप पारीक ने बताया कि जो रिकॉर्ड 1952 से पुराना है, वह रियासत कालीन है। जो अधिकतर उर्दू भाषा में लिखे हुए है। उर्दू में लिखे रिकॉर्ड को किसी भाषा विशेषज्ञ से कन्वर्ट करवाकर उसे सरकारी पोर्टल 'पहचान' पर अपलोड करवाया जाएगा। रजिस्ट्रार ने बताया कि सरकार का उद्देश्य है कि लोगों को जन्म-मृत्यु के रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट के लिए नगर निगम के चक्कर न लगाना पड़े। इसके लिए ये रिकॉर्ड ऑनलाइन करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने बताया कि अभी तक हमने साल 2011 से अब तक का पूरा रिकॉर्ड ऑनलाइन चढ़ा दिया है। कोई भी व्यक्ति इस साल का रिकॉर्ड पहचान पोर्टल से घर बैठे देखकर उससे संबंधित रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट प्राप्त कर सकता है। उसे नगर निगम आने की कोई जरूरत नहीं है।

### रिवर्स ईयर में डेटा कर रहे हैं ऑनलाइन

रजिस्ट्रार प्रदीप पारीक ने बताया कि हम रिवर्स ईयर में रिकॉर्ड यानी डेटा ऑनलाइन कर रहे हैं। अभी 2010 और साल 2009 का डेटा ऑनलाइन चढ़ाया जा रहा है। इसके बाद 2008, 2007 और 2006 का डेटा ऑनलाइन किया जाएगा। इस तरह एक-एक साल का डेटा रिर्वस में किया जाएगा, क्योंकि सबसे ज्यादा जरूरत 1952 तक के डेटा की रहेगी। हम फिर भी 1952 तक का डेटा ऑनलाइन होने के बाद उसके पीछे के सालों का डेटा भी ऑनलाइन करेंगे।



### रिकॉर्ड में होंगी कई दिलचस्प जानकारियां

नगर निगम में जो रिकॉर्ड 1952 से पुराने सालों का मिला है। उसमें कई दिलचस्प बातें देखने को मिली है। रिकॉर्ड में उस समय भी मृत्यु की जानकारियां दर्ज होती थी। उसमें व्यक्ति के नाम के साथ-साथ उसकी जाति, धर्म, मृत्यु का कारण बीमारी या सामान्य। अगर बीमारी से हुई तो कौन-सी बीमारी, आदि की जानकारी लिखी जाती थी। जो आज भी किया जाता है। उन्होंने बताया कि ये रिकॉर्ड इतना व्यवस्थित है कि उस रिकॉर्ड को जनगणना में भी उपयोग लिया जा सकता था।

# सच बेधड़क

कीर्ति स्तम्भ

**दशरथ मालावत**

सच सत्य सांची बात, सदैव प्रभावी रही है। कहा जाता है कि सत्य की चमक सोने से भी अधिक होती है। "सत्यम शिवम सुंदरम" उक्ति, जो कठोपनिषद में लिखी गई है, उसमें सत्य को प्रथम स्थान पर विराजमान किया गया है। अर्थात आदि-अनादि काल से सत्य को सर्वोपरि मान्यता मिली हुई है। यह भी कहा जाता है कि सच कृष्ण वर्णीय होता है, वहीं, सफेद झूठ बोला जाने की कहावत हर जुबान पर है। जैन धर्म में स्यादवाद के अनुसार सत्य के कुछ अंश को जान लेने पर व्यक्ति स्वयं को परम ज्ञानी मानने लगता है, वह अधूरा सत्य है। पूर्ण सत्य ज्ञान किसी मनीषि या सत्य की अनुपालना करने वाले राजा हरिश्चंद्र जैसी कठोर तपस्वी विभूति द्वारा ही संभव है।

कहते हैं सच कड़वा होता है- इसीलिए शास्त्रों में "सत्यम ब्रूयात प्रियं ब्रूयात" अर्थात सत्य कहिए परंतु कर्ण प्रिय कहिए! यह ज्ञातव्य है। कहा यह भी गया है कि सत्य परेशान हो सकता है परंतु पराजित नहीं, सत्य मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति, सत्य वचन कहने वाला व्यक्ति अल्प अवधि के लिए परेशान जरूर हो सकता है, परंतु पराजित नहीं। जीत सदैव सत्य की होनी तय है। झूठ का सहारा लेकर आगे बढ़ने की कहावत मशहूर है, परन्तु सत्य वचन को किसी बैसाखी की आवश्यकता नहीं होती। वह अपने आप में सामर्थ्यवान होते हैं। सत्य वचन कर्ता को अपनी स्मृति में सत्य को बसाए रखने की आवश्यकता नहीं, परंतु झूठ बोलने वाले को सदैव अपना झूठ स्मृति में बनाए रखना होता है, अन्यथा झूठ बोलने वाले अपने आचरण में पूर्व में कहे गए वचन को याद नहीं रखने पर विरोधाभास या उपहास का पात्र बनना पड़ सकता है। सदैव सत्य की शक्ति या सत्य की ताकत की बात सभी कहते हैं, झूठ के तो पुलिन्दे होते हैं।

सत्य स्वयं क्षमतावान, शक्तिमान व ऊर्जावान होता है। हमें पहचाननी होगी सत्य की शक्ति और अनुपालन करना होगा सत्य वचन का, तभी सत्य शाश्वत रहेगा और झूठ के पांव कमजोर होंगे। समस्त पाठक मंडल को उक्त पंक्तियों को जीवन मंत्र के रूप में अपनाना पड़ेगा तभी "मुंडकोपनिषद में लिखा गया स्लोगन "सत्यमेव जयते" जो भारतीय प्रतीक चिह्न में अपनाया गया है यथार्थ में चरितार्थ होगा। *इसीलिए आग्रह मेरी कलम से कि सदैव **सच कहें बेधड़क**।*

X



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
25 जून को #SamvidhaanHatyaDiwas देशवासियों को याद दिलाएगा कि संविधान के कुचले जाने के बाद देश को कैसे-कैसे हालात से गुजरना पड़ा था। यह दिन उन सभी लोगों को नमन करने का भी है, जिन्होंने आपातकाल की घोर पीड़ा झेली। देश कांग्रेस के इस दमनकारी कदम को भारतीय इतिहास के काले अध्याय के रूप में हमेशा याद रखेगा।



**अमित शाह,** गृह मंत्री
**@AmitShah**
25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी ने अपनी तानाशाही मानसिकता को दर्शाते हुए देश में आपातकाल लगाकर भारतीय लोकतंत्र की आत्मा का गला घोंट दिया था। लाखों लोगों को अकारण जेल में डाल दिया गया और मीडिया की आवाज को दबा दिया गया। भारत सरकार ने हर साल 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय किया है। यह दिन उन सभी लोगों के विराट योगदान का स्मरण करायेगा, जिन्होंने 1975 के आपातकाल के अमानवीय दर्द को झेला था। #SamvidhaanHatyaDiwas



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
राजस्थान में भाजपा सरकार बनते ही ईआरसीपी को लेकर ऐतिहासिक समझौता हुआ है। इससे पीने के लिए भी पानी मिलेगा और उद्योगों के लिए भी पानी मिलेगा। 2.80 लाख हैक्टेयर भूमि को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा।

## धर्म भारतीय अर्थव्यवस्था को बनाता है गतिशील

# मंदिरों में वैभव लौटने के साथ बड़ी आमदनी



**प्रमोद भार्गव**
वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार



भारत मंदिरों और अनेक देवी-देवताओं पर देश हैं। प्रतिवर्ष श्रावण के महीने में शिव मंदिरों में भक्तों का रेला लग जाता है। शिव को हिंदू आदिदेव मानते हैं। नौ हजार साल पहले रचे गए दुनिया के पहले ग्रंथ ऋग्वेद में प्रकृति की स्तुति के साथ ब्रह्मांड की खोजें भी शुरू हो गई थीं। इनकी अनुकृतियों को दक्षिण भारत के अनेक मंदिरों में उकेरा भी गया है। दशावतार जो आधुनिक ज्ञान-विज्ञान के संदर्भ में जैविक विकास की गाथाएं हैं, वे भी भारतीय मंदिरों और धर्म ग्रंथों में उल्लेखित हैं। इसीलिए ये मंदिर लाखों-करोड़ों लोगों को रोजगार देने के साथ बड़ी आमदनी का माध्यम भी बने हुए हैं। इन मंदिरों के ट्रस्ट लोक-कल्याण के अनेक निशुल्क प्रकल्प भी चलाते हैं। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन (एनएसएसओ) के अनुसार भारत की कुल घरेलू सकल उत्पाद दर (जीडीपी) में धार्मिक यात्राओं की कुल भागीदारी 2.32 प्रतिशत है। इसी अनुपात में इन मंदिरों की आर्थिकी करीब 3 लाख करोड़ की हैं। जो कई राज्यों के वार्षिक बजट से अधिक है। 55 प्रतिशत हिंदू अपनी आय का 50 प्रतिशत तक खर्च कर देते हैं। भारत में प्रति व्यक्ति धार्मिक यात्रा का खर्च लगभग 2717 रुपए प्रतिदिन हैं। जबकि समाजिक यात्रा पर 1068 रुपए प्रतिदिन और शैक्षणिक यात्रा पर 2286 रुपए प्रतिदिन खर्च होते हैं। प्रतिदिन धार्मिक यात्रा पर खर्च 1316 करोड़ रुपए हैं। सालभर में यह खर्च 4.74 लाख करोड़ रुपए बैठता है। इसीलिए धर्म भारतीय अर्थव्यवस्था को गतिशील बनाए रखने का प्रमुख कारण है। भारत में जबसे प्राचीन मंदिरों का वैभव लौटाने का काम केंद्र और राज्य सरकारों ने किया है, तब से यहां पर्यटकों की संख्या निरंतर बढ़ रही है।

पांच सौ साल पहले जब अयोध्या में इस्लाम धर्मावलंबी आक्रांता राम मंदिर ध्वस्त कर रहे थे, तब तुलसी और सूरदास राम एवं कृष्ण की लीलाओं का चरित्र हिंदी की सहायक भाषाओं बृज, अवधि और भोजपुरी में रच रहे थे, जिससे हमलावरों के हमलों से आहत जनमानस जागरूक हो और अपनी सनातन सांस्कृतिक अस्मिता तथा देश की संप्रभुता के लिए बलिदानी भाव-बोध से जूझ जाए। निहत्था भक्त इसी थाथी के बूते इस्लाम की तलवार और फिरंगियों की तोपों से पूरे पांच सौ साल युद्धरत दिखाई देता रहा। इसी युद्दरत आम भारतीय ने हमें 15 अगस्त 1947 को आजादी दिलाई। तत्पश्चात भी वामपंथी वैचारिकी कुछ इस तरह गढ़ी जाती रही कि हम अपनी सनातन ऐतिहासिक सांस्कृतिक विरासत पर प्रश्नचिन्ह उठाने लग गए? मनमोहन सिंह सरकार ने तो राम और रामसेतु के अस्तित्व को ही झुठलाने का काम कर दिया था। अलबत्ता 2014 से नरेंद्र मोदी युग के आरंभ से बदलाव की कुछ ऐसी हवा चली कि अयोध्या में भगवान राम के जन्म-स्थल पर तो रामलला के विग्रह की स्थापना 22 जनवरी को हो ही गई है, इस्लामिक देश संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबूधाबी में राम मंदिर जैसा ही भव्य मंदिर में 14 फरवरी 2024 को इस मंदिर के पट मोदी ने खोल दिए। इन दो मंदिरों के पट खुलने के साथ ही सनातन धर्म से जुड़े मंदिरों का पर्यटन विश्वव्यापी हो गया।

> *नरेंद्र मोदी युग के आरंभ से बदलाव की कुछ ऐसी हवा चली कि अयोध्या में भगवान राम के जन्म-स्थल पर तो रामलला के विग्रह की स्थापना 22 जनवरी को हो ही गई है, इस्लामिक देश संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबूधाबी में राम मंदिर जैसा ही भव्य मंदिर में 14 फरवरी 2024 को इस मंदिर के पट मोदी ने खोल दिए। इन दो मंदिरों के पट खुलने के साथ ही सनातन धर्म से जुड़े मंदिरों का पर्यटन विश्वव्यापी हो गया। गुजरात सरकार श्रीमद् भागवत कथा और महाभारत में उल्लेखित द्वारका दर्शन के लिए अरब सागर में यात्री पनडुब्बी चलाने का अनूठा कार्य करने जा रही है। मोदी है तो मुमकिन है कि कहावत यहां चरितार्थ होने जा रही है। भारत सरकार की कंपनी मझगांव डॉक शिपयार्ड के साथ गुजरात सरकार का एमओयू हो चुका है। इस पनडुब्बी का संचालन मझगांव डॉक करेगा।*

**अयोध्या में बढ़ते तीर्थयात्रीः** उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, बीते वर्श 2.39 करोड़, यानी प्रतिदिन करीब 70 हजार तीर्थयात्री अयोध्या नगरी में पहुंचे। यात्रियों की यह आमद 2022 की तुलना में सौ गुना अधिक रही। अब भगवान राम की मंदिर में प्राण-प्रतिश्ठा के बाद अयोध्या में देश-दुनिया से रोजाना लाखों पर्यटक आ रहे हैं। यहां प्रतिवर्श दस करोड़ पर्यटकों के आने की उम्मीद जताई जा रही है। एक पर्यटक औसतन 2700 रुपए खर्च करता है, अर्थात अयोध्या ही नहीं समूचे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को इस पर्यटन से बल मिलेगा। इसी तर्ज पर सोमनाथ, वाराणसी, उज्जैन और केदारनाथ के मंदिरों में गलियारों का विस्तार हो गया है। इन तीर्थों के आधुनिक एवं सुविधा जनक हो जाने से पर्यटन का आकार बढ़ गया है। विश्वस्तरीय होटल, सड़क, हवाई और रेल सुविधाएं हो जाने से यात्रियों की संख्या उम्मीद से कहीं ज्यादा बढ़ी है। भारत में फिलहाल पर्यटन से जुड़ी जीडीपी का योगदान 5 से 6 प्रतिशत है, इसमें धार्मिक पर्यटन का हिस्सा अब तक आधा रहता है, जो अब निरंतर उछाल मार रहा है।

**मंदिरों का चतुर्दिक विकासः** उत्तरप्रदेश में धार्मिक पर्यटन में बढ़ोत्तरी से प्रभावित व प्रेरित होकर अन्य राज्य सरकारें भी धार्मिक स्थलों के संरचनात्मक विकास और ठहरने व आवागमन की सुविधाओं को बढ़ावा देने में लग गई हैं। असम के गुवाहाटी में कामाख्या मंदिर का 500 करोड़ रुपए की लागत से विकास हो रहा है। इस मंदिर के परिसर का क्षेत्र तीन हजार वर्गफीट से बढ़ाकर 10 हजार वर्गफीट किया जा रहा है। राजस्थान में गोविंद देव मंदिर, पुश्कर तीर्थ और बेनेश्वर धाम का विकास सौ-सौ करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। बिहार सरकार भारतमाला धार्मिक संपर्क योजना के अंतर्गत उच्चैठ भगवती मंदिर से महिशि तारास्थल को जोड़ने के लिए मधुबनी के उमगांव से सहरसा तक के मार्ग को विस्तृत कर रही है। महाराश्ट्र सरकार कोल्हापुर में 250 करोड़ की लागत से महालक्ष्मी मंदिर गलियारा बना रही है। इसी प्रकार के प्रसिद्ध तीर्थस्थल नासिक से त्र्यंबकेश्वर मंदिर तक चैड़ा रास्ता बनाया जा रहा है। तेलंगाना में 1300 करोड़ की लागत से ययादि मंदिर का निर्माण किया गया है। दशावतारों में से भगवान नृसिंह के इस मंदिर के गर्भगृह में 125 किलो सोना लगा है। मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा में 314 करोड़ रुपए से एक सौ एकड़ में लेटे हनुमान मंदिर-लोक और सलकनपुर श्रीदेवी महालोक बनाया है। सागर में रविदास मंदिर धाम, दतिया में पीतांबरा माईलोक, ओरछा में रामराजा लोक, चित्रकूट में रामपथगमन लोक, ग्वालियर में शनिलोक और बड़वानी में नाग-लोक बनाए जाना प्रस्तावित हैं। उत्तरप्रदेश के मथुरा में मथुरा-वृंदावन गलियारा और यमुना नदी फ्रंट का विकास 250 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है।

**समुद्र में कृष्ण की द्वारका के दर्शनः** हजारों साल पहले समुद्र में डूब चुकी भगवान कृष्ण की द्वारका के दर्शन पनडुब्बी से कराए जाने की तैयारी हो रही है। गुजरात सरकार श्रीमद् भागवत कथा और महाभारत में उल्लेखित द्वारका दर्शन के लिए अरब सागर में यात्री पनडुब्बी चलाने का अनूठा कार्य करने जा रही है। मोदी है तो मुमकिन है कि कहावत यहां चरितार्थ होने जा रही है। भारत सरकार की कंपनी मझगांव डॉक शिपयार्ड के साथ गुजरात सरकार का एमओयू हो चुका है। इस पनडुब्बी का संचालन मझगांव डॉक करेगा। इस यात्रा का आरंभ इसी साल श्रीकृष्ण जन्माष्टमी या दीपावली तक हो सकता है। यह पनडुब्बी समुद्र में तीन सौ फीट गहरे तक जाएगी। इस रोमांचक इतिहास और पुरातत्व के अवशेशों से जुड़ी रोमांचक यात्रा में प्राचीन द्वारका तक पहुंचने में दो-तीन घंटे लगेंगे। यात्रा का किराया अधिक होगा, लेकिन आम आदमी के लिए सरकार छूट देगी। 35 टन वजनी यह पनडुब्बी वातानुकूलित होगी। दो कतारों में 24 यात्रियों को बैठने की सुविधा होगी। चिकित्सा किट साथ रहेगी। पनडुब्बी चलाने के लिए दो चालक, दो गोताखोर, एक मार्गदर्शन और तकनीशियन साथ रहेंगे। यात्रियों को ऑक्सीजन मास्क, फेस मास्क और स्कूबा ड्रेस संचालन करने वाली एजेंसी देगी। इस पनडुब्बी में प्राकृतिक उजाले का प्रबंध होगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**व्यंग्य**

## दुर्लभ संयोग

# बजट और मेरा मुंडन



कवि
**सुरेश रायकवार**

मैं ने हमारे देश के लगभग पचास बजट तो देख-सुन ही लिए हैं, बजट में किसी सरकार ने तेल शक्कर की राशनिंग की, तो किसी ने उपवास करवाए, किसी ने ऋण लेकर गरीबों को अनुदान दिये तो किसी ने जनसंख्या को समस्या मानकर, बच्चे पैदा करने पर ही राशनिंग थोप दी और नारा दिया हम दो हमारे दो। मेरा जन्म भी उसी राशनिंग के दौर में हुआ था।

मेरे पिता एक मध्यमवर्गीय नौकरीपेशा व्यक्ति थे चूंकि उनकी आय बहुत ही सीमित हुआ करती थी इसीलिए वे बहुत मितव्ययिता से खर्च करते थे, सरकारें तो वर्ष में एक बार बजट बनाती हैं किन्तु पिताजी तो हर माह बजट बनाते थे। पिताजी अभी अपनी शादी के बजट घाटे से ही नहीं उबर पाये थे कि मेरे मुंडन के आयोजन में उन्हे नया उधार का बजट बनाना पड़ा। हमारी सरकारें भी तो ऐसा ही करती हैं, कभी जनता से, कभी किसी देश से तो कभी विश्व बैंक से गाहे-बगाहे ऋण लेती रहती है।

मेरे जीवन में एक अनोखा संयोग बना, जिस दिन संसद में बजट पेश हो रहा था मेरा मुंडन भी उसी दिन हुआ इसीलिए हर बजट वाले दिन मुझे अपने मुंडन की याद बरबस ही आ जाती है। मुंडन उत्सव में पिताजी माताजी एवं ननिहाल पक्ष संसद के सत्तापक्ष की तरह उत्साहित दिखाई दे रहे थे तो वहीं बुआ-फूफा ने दादी को अपने पक्ष में ले लिया था और वे सब भूतपूर्व सत्ताधारी अर्थात विपक्ष की भूमिका निभा रहे थे। मेरी स्थिति बिलकुल जनता जनार्दन के जैसी थी जिसे बजट के पेश होने से अथवा विपक्ष द्वारा उसकी कड़ी आलोचना से कोई फर्क नहीं पड़ना था बल्कि सिर मुंडना निश्चित था।

जैसे मुंडन के लिए माता पिता द्वारा विशेष उत्सव का आयोजन किया जाता है, बाल काटने के लिए जैसे क्षेत्र के निष्णात नाई को बुलाया जाता है वैसे ही संसद में बजट प्रस्तुत करने के लिए बजट-उत्सव होता है तथा बजट बनाने के लिए विशेषज्ञ बजटशास्त्रियों (अर्थशास्त्रियों) को बुलाया जाता है।

सत्ता पक्ष को बजट से बड़ी बड़ी उम्मीदे रहती हैं, वे बजट को ऐसा बताते है कि इसके पहले कभी इस तरह का बजट प्रस्तुत ही नहीं किया गया है और उनके बजट प्रावधानों से देश का परिदृश्य ही बदल जाने वाला है, वहीं भूतपूर्व सत्ताधारियों को बजट फूटी आँख नहीं सुहाता वे बजट को ऐसा निरूपित करते हैं जैसे बजट नहीं कचरे का ढेर हो, वे भूल जाते हैं कि वे भी यही सब कर चुके हैं, किन्तु बात ऐसे करते हैं जैसेकि उन्होने अपने सत्ता काल में देश को सोने की चिड़िया ही बना दिया था।

सरकारें बजट में जनता को लुभाने के लिए बहुत से प्रावधान करती हैं, व्यापारी को व्यापार, बेरोजगारों को रोजगार, किसान को सस्ता उधार, नौकरी वालों को महंगाई भत्ते का उपहार, अमीरों को कर में अनुदान तो गरीबों को रोटी कपड़ा और मकान। वैसे ही मुझे भी बाल कटवाने के लिए तरह तरह के प्रलोभन दिये गए थे, तुम्हें साइकल दिलवा देंगे, बड़े बड़े और ढेर सारे इलेक्ट्रोनिक खिलौने दिलवाएँगे, रोज रोज चॉकलेट भी खिलाएँगे और सैर सपाटे पर भी ले जाएंगे किन्तु जैसे आज तक मुझे उस वादे अनुसार मेरे उपहार नहीं मिल पाये वैसे ही देश के गरीबों को आज तक ठीक से रोटी कपड़ा और मकान नहीं मिल पाया, जबकि प्रावधान देश के हर बजट में हुआ है। रिशतेदारों से प्राप्त उपहार की नकद राशि भी पिताजी ने घर के अन्य खर्चों में ही उपयोग कर ली जैसे सरकारें करदाताओं से प्राप्त राशि का उपयोग कर लेती है।

उन उपहारों के चक्कर में जैसे मेरे सिर के बाल चले गए थे और मैं गंजा हो गया था, वैसे ही आम बजट के प्रावधान भी होते है, देश के आम नागरिक को बजट से मिलता जुलता तो कुछ नहीं किन्तु इनके एवज में बढ़ाए गए करों का भुगतान कर-कर के बेचारा गंजा अवश्य हो जाता है।

# ऊर्जा दक्षता के लिए छोटे-छोटे प्रयास जरूरी



**अमित बैजनाथ गर्ग**
वरिष्ठ पत्रकार

हाल ही में इटली के अपुलिया में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन में एक बार फिर ऊर्जा क्षेत्र को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। यह दुनिया में ऊर्जा क्षेत्र के बढ़ते महत्व को दर्शाता है। सम्मेलन में कहा गया है कि दुनिया के सात सर्वाधिक संपन्न देशों का समूह जी-7 जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करेगा और ऊर्जा के बदलते स्रोतों को अपनाने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाएगा। सम्मेलन की समाप्ति पर समूह की तरफ से जारी मसौदा बयान में यह बात कही गई। मसौदे में कहा गया है कि हम जीवाश्म ईंधन पर धीरे-धीरे व्यवस्थित ढंग से निर्भरता कम करेंगे। 2050 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने के लिए इस दशक में हम मिलकर गंभीरता से प्रयास करेंगे। इस दस्तावेज में कहा गया है कि 2035 तक कोयला आधारित बिजली उत्पादन में कटौती की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी और इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

गौरतलब है कि बीते अप्रैल महीने में जी-7 देशों के वित्त मंत्री इस प्रस्ताव पर सहमत हुए थे। वहीं सम्मेलन में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ऊर्जा के क्षेत्र में भारत का दृष्टिकोण चार सिद्धांतों उपलब्धता, पहुंच, सामर्थ्य और स्वीकार्यता पर आधारित है। हम 2070 तक नेट जीरो का लक्ष्य हासिल करने की अपनी प्रतिबद्धता पूरी करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। मोदी ने वैश्विक नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें मिलकर आने वाले समय को हरित युग बनाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत कॉप के अंतर्गत ली गई सभी प्रतिबद्धताओं को समय से पहले पूरा करने वाला प्रथम देश है। उन्होंने ऊर्जा क्षेत्र के महत्व को रेखांकित करते हुए यह भी कहा कि हमें मिलकर आने वाले समय को ग्रीन एरा बनाने का हर संभव प्रयास करना चाहिए। आखिर क्यों बार-बार एनर्जी सेक्टर पर इतनी गंभीरता से बातचीत की जा रही है? क्यों वैश्विक मंचों पर इस मुद्दे को हर बार उठाया जा रहा है? असल में दुनिया ऊर्जा के क्षेत्र में संकटों का सामना कर रही है। सभी इस बात को समझ चुके हैं कि इस क्षेत्र पर अभी गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाला समय बहुत चुनौतीपूर्ण होगा। उभरते ऊर्जा संकट, घटते जीवाश्म ईंधन संसाधनों और उच्च तेल की कीमतों के साथ जलवायु परिवर्तन की चिंताओं ने बढ़ती ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए नवीकरणीय, वैकल्पिक, पर्यावरण अनुकूल और कार्बन तटस्थ ईंधन के विकास की ओर वैश्विक ध्यान आकर्षित किया है। अधिकांश ऊर्जा संकट स्थानीय कमी, युद्ध और बाजार में हेरफेर के कारण हुए हैं। कुछ लोगों ने तर्क दिया है कि कर वृद्धि, ऊर्जा कंपनियों का राष्ट्रीयकरण और इस क्षेत्र के विनियमन जैसी सरकारी कार्रवाई ने इस संकट को बढ़ाया है।

> *पिछले कुछ सालों में ऊर्जा दक्षता को लेकर चेतना बढ़ी है, लेकिन अभी भी जागरूक होने की दरकार है। बिजली की बचत के लिए हमें छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखना होगा और उन्हें जीवन में अमल में लाना होगा।*



जहां तक भारत की बात है, तो इसके ऊर्जा संकट से निपटने की राह में कई चुनौतियां हैं। पहली बात तो यह है कि सभी के पास सीमित ऊर्जा संसाधन हैं। भारत के पास कोयला, तेल और गैस जैसे सीमित ऊर्जा संसाधन ही मौजूद हैं और यह अपनी बढ़ती ऊर्जा मांगों की पूर्ति के लिए आयात पर निर्भर है। वित्त वर्ष 2023 के लिए पेट्रोलियम आयात का अनुमानित मूल्य करीब 210 बिलियन अमेरिकी डॉलर आकलित किया गया है। इसमें कच्चे तेल के लिए 163 बिलियन अमेरिकी डॉलर का आयात मूल्य और एलएनजी एवं एलपीजी के लिए क्रमशः 17.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर एवं 14 बिलियन अमेरिकी डॉलर का आयात मूल्य शामिल है। पिछले वित्त वर्ष की तुलना में कच्चे तेल के आयात में 53 फीसदी की वृद्धि हुई है। वहीं कोयला भंडार कमजोर हैं और उनके निष्कर्षण एवं उपयोग से महत्वपूर्ण पर्यावरणीय चिंताएं जुड़ी हुई हैं। परिणामस्वरूप भारत ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों की तलाश कर रहा है, जैसे कि सौर, पवन और जल विद्युत। देश के ऊर्जा क्षेत्र में अभी अपर्याप्त निवेश है। देश के ऊर्जा क्षेत्र को अपने बुनियादी ढांचे में सुधार और अपनी ऊर्जा क्षमता का विस्तार करने के लिए वृहद निवेश की आवश्यकता है, लेकिन सरकार और निजी क्षेत्र ऊर्जा क्षेत्र में पर्याप्त निवेश नहीं कर पा रहे हैं। देश की निम्न प्रति व्यक्ति आय और उच्च गरीबी दर भी लोगों के लिए स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों का वहन कर सकना कठिन बनाती है। वहीं इस क्षेत्र में राजनीतिक और नियामक बाधाएं भी हैं। देश का ऊर्जा क्षेत्र अत्यधिक विनियमित या नियंत्रित है और इसमें सुधार की राह में उल्लेखनीय बाधाएं मौजूद हैं। बल्ब एवं ट्यूबलाइट के इस्तेमाल से उजाले के लिए खर्च होने वाली बिजली में करीब 75 फीसदी की कमी आई है। भवनों में बिजली की खपत को लेकर भी कई अध्ययन हुए हैं, जो बताते हैं कि ऊर्जा दक्ष उपकरणों के इस्तेमाल से करीब 30 फीसदी बिजली खपत कम की जा सकती है यानी भवनों में 1.20 लाख गीगावाट बिजली बचाए जाने की संभावनाएं मौजूद हैं। अध्ययन बताते हैं कि ऊर्जा दक्षता के मानकों को लागू कर घरेलू और आवासीय भवनों में बड़े पैमाने पर बिजली को बचाया जा सकता है। यदि भवनों में ऊर्जा दक्षता के मानक लागू हो जाएं, तो अतिरिक्त 30 फीसदी बिजली बच सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, देश में उद्योग जगत सबसे ज्यादा करीब 42 फीसदी बिजली खर्च करता है। दूसरे नंबर पर घरेलू क्षेत्र 24 फीसदी बिजली खर्च करता है। विशेषज्ञों का कहना है कि पिछले कुछ सालों में लोगों में ऊर्जा दक्षता को लेकर चेतना बढ़ी है, लेकिन अभी भी जागरूक होने की दरकार है। हमें छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखना होगा। इस तरह छोटे-छोटे प्रयासों से हम बिजली की बचत कर सकते हैं और हम सभी को ऐसे प्रयासों को अपनाना ही होगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**


### लोकसभा चुनाव में छिंदवाड़ा सीट से कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ को हराया था एक लाख से ज्यादा वोटों से

# BJP सांसद की पत्नी ने कराया मुंडन... पति के जीतने की मांगी थी मन्नत

**एजेंसी** | छिंदवाड़ा

मध्यप्रदेश की सियासत से जुड़ी हैरान करने वाली खबर है। छिंदवाड़ा लोकसभा सीट से पहली बार सांसदी का चुनाव जीतने वाले विवेक बंटी साहू की पत्नी शालिनी साहू ने मुंडन कराया है। बीजेपी सांसद की पत्नी ने पति की जीत की मन्नत पूरी होने पर अपने सिर के बालों का त्याग किया है।

शालिनी ने छिंदवाड़ा से जामसांवली हनुमान मंदिर तक पदयात्रा की और भगवान बालाजी को अपने बाल अर्पित किए। लोकसभा चुनाव से पहले विवेक बंटी साहू की पत्नी शालिनी साहू ने मन्नत मांगी थी कि पति की जीत के बाद तिरुपति बालाजी जाकर मुंडन कराएंगी। विवेक की पत्नी शालिनी अपने बेटे के साथ तिरुपति बालाजी पहुंचीं। मुंडन कराया और भगवान बालाजी को बाल अर्पित किए। शालिनी ने जीत की कामना को लेकर छिंदवाड़ा से जामसांवली हनुमान मंदिर तक पदयात्रा भी की थी।





## पहली बार सांसद बने बंटी साहू

लोकसभा चुनाव में भाजपा ने छिंदवाड़ा सीट से विवेक बंटी साहू को उम्मीदवार बनाया था। 4 जून को आए नतीजों में बंटी साहू ने कमलनाथ के बेटे और कांग्रेस उम्मीदवार नकुलनाथ को एक लाख से ज्यादा वोटों से हराया। चुनाव के दौरान शालिनी साहू ने भी महिलाओं के साथ प्रचार किया था। बता दें कि पहली बार बंटी साहू छिंदवाड़ा से सांसद बने हैं।

## 2019 में नकुलनाथ ने बंटी को हराया था

नौ बार सांसद रहने के बाद कमलनाथ ने पहली बार 2019 में अपने बेटे नकुलनाथ को छिंदवाड़ा से लोकसभा का चुनाव लड़ाया था। नकुल ने 2019 के चुनाव में भाजपा के विवेक बंटी साहू को शिकस्त दी थी, लेकिन 2024 के चुनाव में बाजी पलट गई। कमलनाथ का गढ़ कहे जाने वाली छिंदवाड़ा सीट से बीजेपी के बंटी विवेक साहू ने कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ को हराकर सबको चौंका दिया। बंटी ने नकुलनाथ को हराकर इतिहास रच दिया।

### साहू की सास ने भी मांगी थी मन्नत

पत्नी शालिनी पति की जीत की मन्नत पूरी होने पर अपने बालों का त्याग किया। बंटी विवेक साहू की सास यानी शालिनी साहू की मां ने भी अपने दामाद के लिए मनोकामना मांगी थी। चुनाव में जीत के तुरंत बाद विवेक बंटी की सास भी हनुमान मंदिर तक दंडवत प्रणाम करते पहुंची थीं।

---

## हार के बाद बढ़ी जगन मोहन रेड्डी की मुश्किलें



**गुंटूर।** तेलुगू देशम पार्टी के एक विधायक की शिकायत पर आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी, दो आईपीएस अधिकारी और दो अन्य के खिलाफ शुक्रवार को हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक टीडीपी विधायक के. रघुराम कृष्ण राजू ने शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री जगन, आईपीएस अधिकारी पीवी सुनील कुमार, पीएसआर सीतारमणजनेयुलु, सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी आरवी पॉल और गुंटूर सरकारी अस्पताल की पूर्व अधीक्षक जी प्रभावती के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## महाराष्ट्र: BJP के पांच प्रत्याशियों ने जीता MLC चुनाव

**मुंबई।** महाराष्ट्र में विधान परिषद (एमएलसी) के चुनाव में एनडीए को जबर्दस्त जीत मिली है। गठबंधन ने 11 में से 9 सीटें जीत ली हैं। वहीं I.N.D.I.A गठबंधन के तीन प्रत्याशी खड़े थे, जिनमें 2 ही जीत सके। कांग्रेस के 7 से 8 विधायकों के क्रॉस वोटिंग करने के समाचार है। 11 सीटों पर हुई काउंटिंग में भाजपा को 5, शिवसेना शिंदे और एनसीपी अजित पवार गुट को 2-2 सीटों पर जीत मिली है। वहीं I.N.D.I.A गठबंधन से शिवसेना (UBT) और कांग्रेस ने एक-एक सीट जीती हैं। शरद पवार के समर्थन से खड़े जयंत पाटिल चुनाव हार गए हैं। 11 सीटों के लिए शुक्रवार को वोटिंग हुई थी। इसके बाद काउंटिंग हुई। विधान परिषद चुनाव में जीत के लिए एक कैंडिडेट को 23 विधायकों के वोट चाहिए थे। इनमें भाजपा के 103, शिवसेना (शिंदे गुट) के 38, NCP (अजित गुट) के 42, कांग्रेस के 37, शिवसेना (यूबीटी) के 15 और NCP (शरद पवार) के 10 विधायक हैं।

---

### कांग्रेस द्वारा लाया काला दौर था आपातकाल: मोदी

# संविधान हत्या दिवस का बीजेपी ने किया स्वागत

## कांग्रेस ने कहा- सुर्खियां बटोरने की कवायद

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत सरकार की ओर से हर वर्ष 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' मनाए जाने पर देशभर से नेताओं की प्रतिक्रिया आनी शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह दिन याद दिलाता है कि भारत के संविधान को कुचले जाने पर क्या हुआ था। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर कहा कि 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाना इस बात की याद दिलाएगा कि क्या हुआ था, जब भारत के संविधान को कुचल दिया गया था। यह हर उस व्यक्ति को श्रद्धांजलि देने का भी दिन है, जो आपातकाल की ज्यादतियों के कारण पीड़ित हुए थे, जो भारतीय इतिहास में कांग्रेस द्वारा लाया गया काला दौर था, उधर कांग्रेस ने तत्कालीन सरकार के 1975 में आपात काल लागू करने की तिथि 26 जून को 'संविधान हत्या दिवस' मनाने के फैसले पर शुक्रवार को तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे लोकसभा चुनाव में बहुमत तक नहीं पहुंच पाने की भाजपा की हताशा बताया और कहा कि यह विडंबना है कि जिस सरकार ने पिछले 10 साल में हर दिन संविधान की हत्या की है वह संविधान हत्या दिवस मनाने जा रही है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सरकार के हर साल 26 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने के फैसले को मोदी सरकार की संविधान के प्रति असंवेदना बताया और कहा कि 'संविधान' के साथ 'हत्या' शब्द जोड़ना उनकी संविधान विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों के अपने कार्यकाल में हर दिन 'संविधान हत्या दिवस' ही मनाया है और देश के हर गरीब तथा वंचित तबके से हर पल उनका आत्मसम्मान छीनने का काम किया है। उन्होंने मोदी सरकार के कार्यकाल में हुए कार्यों को गिनाते हुए उन्हें संविधान की हत्या बताया और कहा कि जब मध्य प्रदेश में भाजपा नेता आदिवासियों पर पेशाब करता है, या जब यूपी के हाथरस की दलित बेटी का पुलिस जबरन अंतिम संस्कार कर देती है तो यह संविधान की हत्या नहीं तो और क्या है। जब हर 15 मिनट में दलितों के खिलाफ एक बड़ा अपराध घटता है और हर दिन छह दलित महिलाओं के साथ बलात्कार होता है तो वो संविधान की हत्या नहीं तो और क्या है। जब अल्पसंख्यकों पर गैरक़ानूनी बुलडोजर न्याय का प्रकोप होता है जिसमें दो वर्षों में ही 1.5 लाख घरों को तोड़कर 7.38 लाख लोगों को बेघर बनाया जाता है तो वो संविधान की हत्या नहीं तो और क्या है। जब मणिपुर पिछले 13 महीनों से हिंसा के चपेट में है और आप वहां कदम तक रखना पंसद नहीं करते हैं तो आपकी यह सोच संविधान की हत्या नहीं तो और क्या है।



### केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान बोले- 'कांग्रेस ने संविधान की हत्या करने की कोशिश की'

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि 25 जून 1975, वह काला दिवस था, जब देश के लोकतंत्र की हत्या करने की कोशिश की गई। देश की जनता को इसे भूलना नहीं चाहिए। कांग्रेस ने संविधान की हत्या की कोशिश कर बड़ा गुनाह किया है। देश की अगली पीढ़ी उस समय को ना भूले, इसलिए संविधान हत्या दिवस मनाया जाए। स्कूलों और कॉलेजों में भी भारत के संविधान के महत्व को साथ साथ आपातकाल के बारे में भी बताया जाएगा।

### मोदी बेवजह बटोर रहे हैं सुर्खियां

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार फिर से बेवजह सुर्खियां बटोरने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 10 वर्षों से देश में अप्रत्यक्ष आपातकाल लगाया हुआ है। 4 जून 2024 को देश की जनता ने उन्हें नैतिक रूप से हार का रास्ता दिखाया और उस दिन को मोदी मुक्त दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने देश के संविधान और इसके सिद्धातों को अपने अधीन कर दिया है। उनके लिए डेमोक्रेसी (जनतंत्र) का मतलब डेमो-कुर्सी हो गया है।

### संविधान हत्या दिवस पर भड़के अखिलेश यादव

समाजवादी पार्टी के मुखिया और पूर्व सीएम अखिलेश यादव संविधान हत्या दिवस पर भड़क गए हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एक्स पर एक लंबा पोस्ट कर दिया है और बताया है कि बीजेपी बताए कि वह अपने काले दिनों के लिए कौन सी तारीख चुनेगी। अखिलेश ने एक्स पर लिखा, 30 जनवरी को 'बापू हत्या दिवस' व 'लोकतंत्र हत्या दिवस' के संयुक्त दिवस के रूप में मनाना चाहिए क्योंकि इसी दिन चंडीगढ़ में भाजपा ने मेयर चुनाव में धांधली की थी।

### आप का पीएम मोदी पर निशाना

आम आदमी पार्टी नेता प्रियंका कक्कड़ ने आरोप लगाया है कि भाजपा ने वर्ष 2014 से लगातार हर दिन संविधान की हत्या की है। उन्हों ने कहा कि चंडीगढ़ के महापौर पद के चुनाव में अनिल मासी ने संविधान की हत्या की, संविधान की हत्या तब की गई जब भाजपा चुनावी बॉन्ड लेकर आई।

### लोकतंत्र की हत्या कर देश पर थोपा था 'आपातकाल'

भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने फैसले का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि 25 जून, 1975 वह काला दिवस था, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के तानाशाही मानसिकता ने हमारे संविधान में निहित लोकतंत्र की हत्या कर देश पर 'आपातकाल' थोपा था। केंद्र सरकार ने प्रत्येक वर्ष 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। यह दिवस हमारे सभी महापुरुषों के त्याग व बलिदान का स्मरण कराएगा, जो कांग्रेस के इस तानाशाही मानसिकता के विरुद्ध संघर्ष करते हुए संविधान की रक्षा व लोकतंत्र की पुनर्स्थापना के लिए यातनाएं सहीं और दिवंगत हो गए।

---

### कास्ट पॉलिटिक्स पर भड़के केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री

# गडकरी बोले- 'जो करेगा जाति की बात, उसको मारूंगा कसकर लात'

**एजेंसी** | पणजी/मुंबई



भारतीय जनता पार्टी के नेता और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कास्ट की पॉलिटिक्स करने वाले नेताओं पर निशाना साधा है। गडकरी ने गोवा के एक कार्यक्रम में कहा कि महाराष्ट्र में इस समय जातिवाद की पॉलिटिक्स हो रही है। मैं जात-पात को नहीं मानता हूं और जो इसकी बात करेगा तो मैं उसको कसरक लात मारूंगा।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र में करीब 40 फीसदी मुसलमान हैं। मैंने उनको पहले ही बता दिया था कि मैं आरएसएस वाला हूं और हाफ चड्डी वाला हूं। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि किसी को वोट देने से पहले सोच लो कि बाद में पछताना ना पड़े। गडकरी ने कहा कि जो मुझे वोट देगा उनका भी काम होगा और जो वोट नहीं देगा उनका काम भी मैं करूंगा। भाजपा नेता नितिन गडकरी ने कहा कि कोई भी शख्स जाति के आधार पर बड़ा नहीं होता है। गरीबी, भूखमरी और रोजगार सबके लिए है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सिलेंडर हो या कोई अन्य चीज अगड़ी और पिछड़ी जाति के लोग एक ही रेट पर इसे खरीदते हैं। इसके साथ ही गडकरी ने कहा कि पेट्रोल हिंदू और मुसलमान एक ही कीमत पर खरीदते हैं।

### जातिवाद विकास को खत्म करने वाला

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि वर्तमान में महाराष्ट्र में जातिवाद बढ़ रहा है और यह विकास को खत्म करने वाला है। सभी राजनीतिक नेताओं को इसके प्रति जागरूक रहना चाहिए और सांप्रदायिकता को बढ़ावा दिए बिना जनसेवा और विकास की राजनीति करनी चाहिए। महाराष्ट्र में 6 हजार करोड़ रुपए खर्च कर रिंग रोड बनाए जाएंगे।। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार बड़े पैमाने पर देश का विकास कर रही है। नेताओं और कार्यकर्ताओं को जनता की जरूरतों को समझना चाहिए और उन्हें पूरा करना चाहिए। तब ही जनता वोट के रूप में अपना आशीर्वाद देगी।

### महाराष्ट्र में इसी साल होंगे विधानसभा चुनाव

इस साल महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है। अक्टूबर-नवंबर के महीने में राज्य की 288 विधानसभा सीटों के लिए इलेक्शन होगा। पिछले इलेक्शन में भारतीय जनता पार्टी को 105, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को 54 और कांग्रेस को 44 सीटें मिली थी। हालांकि, चुनाव के बाद में राज्य में काफी उठापटक हुई है। चुनाव के बाद शिवसेना एनडीए से अलग हो गई और उसने एनसीपी-कांग्रेस के साथ में मिलकर सरकार का गठन कर लिया। शिवसेना के उद्धव ठाकरे सीएम बने। इसके बाद जून 2022 में शिवसेना में आंतरिक कलह हो गई। एकनाथ शिंदे 40 विधायकों के साथ में अलग हो गए।

---

### लंबे समय तक नहीं चलेगी मोदी सरकार: बनर्जी

# उद्धव के लिए प्रचार करेंगी ममता

**एजेंसी** | मुंबई

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे से उनके आवास 'मातोश्री' पर मुलाकात की। शिवसेना और बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस दोनों ही INDIA ब्लॉक का हिस्सा हैं। लोकसभा चुनाव के बाद दोनों नेताओं के बीच यह पहली मुलाकात थी। ममता ने कहा कि वह महाराष्ट्र चुनाव के दौरान उद्धव ठाकरे के लिए प्रचार करेंगी। उद्धव ठाकरे शेर हैं। उनका चुनाव चिह्न छीन लिया गया, लेकिन वे शेर की तरह लड़े। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी के शासन में सबसे ज्यादा इमरजेंसी है। वे नया आपराधिक कानून लेकर आए हैं। कोई नहीं जानता कि क्या हो रहा है। हर कोई डरा हुआ है। पश्चिम बंगाल की सीएम ने कहा कि मोदी सरकार बहुत लंबे समय तक नहीं चलेगी। यह अस्थिर सरकार है। लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद ममता बनर्जी पहली बार मुंबई आईं। सीएम बनर्जी और उद्धव ठाकरे ने मुंबई में मातोश्री में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उद्धव ठाकरे ने कहा कि हम दोनों के बीच भाई बहन का रिश्ता है। कुछ भी राजनीतिक नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ पारिवारिक मुलाकात है, कोई राजनीतिक मुलाकात नहीं है।



### इमरजेंसी लेकर आए पीएम मोदी

ममता बनर्जी ने कहा कि पीएम मोदी इमरजेंसी लेकर आए हैं। वे तीन बिल लेकर आए हैं, मुझे इसकी जरूरत नहीं दिखती। हर कोई डरता है। हम इमरजेंसी का समर्थन नहीं करते। मुंबई में एक खास सीट पर उन्होंने वोट हासिल किए। ममता ने कहा कि यह सरकार स्थिर नहीं है। हम किसी के बारे में कुछ नहीं कह रहे हैं, लेकिन खेला शुरू हो गया है।

---

### राहुल गांधी ने स्मृति ईरानी को लेकर पार्टी नेताओं की दी सख्त हिदायत, कहा- कोई भी कुछ न बोले

# 'हार-जीत तो लगी रहती है, अपमानित करना कमजोरी की निशानी'

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को लेकर बड़ा बयान दिया है। राहुल ने कहा कि जीवन में हार-जीत तो होती रहती है। मैं सभी से आग्रह करता हूं कि वे स्मृति ईरानी या किसी दूसरे नेता के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने और बुरा व्यवहार करने से बचें। लोगों को अपमानित करना और उनका अपमान करना कमजोरी की निशानी है, ताकत की नहीं।

राहुल गांधी ने ये पोस्ट ऐसे समय में लिखी है जब एक दिन पहले ही स्मृति ईरानी ने लुटियंस जोन में अपना सरकारी बंगला छोड़ दिया। इसके बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री को लेकर सोशल मीडिया पर कई तरह के कमेंट किए गए। इनमें कांग्रेस समर्थक कार्यकर्ता भी शामिल थे। ऐसे ही यूजर्स को लेकर राहुल गांधी ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट लिखा। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि लोगों को अपमानित करना कमजोरी की निशानी है, ताकत की नहीं। स्मृति ईरानी या किसी अन्य नेता के खिलाफ गलत भाषा का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। राहुल गांधी ने इस पोस्ट के जरिए एक तरह से उन लोगों को टारगेट किया जो स्मृति ईरानी को लेकर सोशल मीडिया पर कमेंट कर रहे। इन्हीं को लेकर कांग्रेस नेता ने क्लीयर मैसेज के जरिए सख्त चेतावनी दी है। दरअसल, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी इस बार के लोकसभा इलेक्शन 2024 में अमेठी से कांग्रेस नेता केएल शर्मा से हार गई थी। इसके बाद से लगातार उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जा रहा था। इसी को देखते हुए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सभी से आग्रह करते हुए यह अपील की है।





### बयान पर बीजेपी का पलटवार

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर स्मृति ईरानी के लिए किए गए ट्वीट पर बीजेपी नेता अमित मालवीय ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि यह अब तक का सबसे कपटपूर्ण मैसेज है। कांग्रेस नेताओं को भेड़ियों के झुंड की तरह उस महिला पर छोड़ देने के बाद, जिसने अमेठी में उसे हराया और उसके अहंकार को चूर-चूर कर दिया, यह बहुत बढ़िया है। यह सब बकवास इस तथ्य को नहीं छीन सकता कि स्मृति ईरानी ने बालक बुद्धि को अमेठी छोड़ने के लिए मजबूर किया।

### कांग्रेस नेता स्मृति ईरानी पर हो रहे हमलावर

भाजपा नेता स्मृति ईरानी ने साल 2019 के लोकसभा इलेक्शन में राहुल गांधी को करारी शिकस्त दी थी। इसके बाद से ही लगातार कांग्रेस उनको जमकर टारगेट करती रही है। जब वह साल 2024 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस नेता केएल शर्मा से हारीं तो कांग्रेसी नेताओं के शब्दों के बाण और भी तेज हो गए। यूपी के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने तो इलेक्शन के दौरान यह भी कह दिया था कि वह मानसिक तौर पर विक्षिप्त है। उन्होंने कहा था कि मैं प्रधानमंत्री मोदी से आग्रह करता हूं कि वह स्मृति का जल्द से जल्द दिमागी इलाज करवाएं।

### RSS मानहानि केस में बॉम्बे HC ने भिवंडी कोर्ट के आदेश को किया रद्द

**नई दिल्ली।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने शुक्रवार को भिवंडी कोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें राहुल गांधी के खिलाफ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यकर्ता द्वारा दायर आपराधिक मानहानि के मामले में कुछ अतिरिक्त दस्तावेजों को सबूत के रूप में स्वीकार करने की अनुमति दी गई थी। न्यायमूर्ति पृथ्वीराज के चव्हाण ने राहुल गांधी द्वारा दायर याचिका पर यह आदेश पारित किया है। राहुल गांधी ने अपनी याचिका में आरोप लगाया गया था कि ट्रायल कोर्ट ने आरएसएस पदाधिकारी राजेश कुंटे को 'देर से' कुछ दस्तावेज पेश करने की अनुमति दी थी। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, ठाणे में भिवंडी मजिस्ट्रेट कोर्ट ने 3 जून को कुंटे द्वारा प्रस्तुत कुछ दस्तावेजों को सबूत के तौर पर रिकॉर्ड में दर्ज किया था। कुंटे राहुल गांधी के खिलाफ मामले में शिकायतकर्ता हैं।

## जरूरी खबर

### सीजेआई चंद्रचूड़ ने किए रामलला के दर्शन

**अयोध्या।** भारत के मुख्य न्यायाधीश धनंजय वाई चंद्रचूड़ शुक्रवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने रामलला व हनुमंतलला के दरबार में हाजिरी लगाई। इससे पहले अपराह्न 3:15 बजे वे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर उतरे। वहां से व्यापक सुरक्षा प्रबंधों के मध्य वे सरयू तट स्थित पर्यटन विभाग के होटल गए, जहां थोड़ी देर विश्राम के बाद वे सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी पहुंचे। यहां करीब 20 मिनट तक पूजा-अर्चना के बाद राममंदिर के लिए रवाना हुए। रामलला के दरबार में उन्होंने करीब 15 मिनट तक पूजा-अर्चना की। उन्होंने राममंदिर की भव्यता को भी निहारा। उन्हें मंदिर निर्माण के कार्यों के बारे में भी बताया गया। करीब ढाई घंटे तक वे अयोध्या में रहे और शाम को 5:30 बजे चौधरी चरण सिंह घाट स्थित हेलिपैड से हेलिकॉप्टर से चले गए।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज जाएंगे मुंबई



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को महाराष्ट्र के मुंबई का दौरा करेंगे। पीएमओ द्वारा जारी एक बयान में बताया कि पीएम मोदी शनिवार शाम करीब 5:30 बजे मुंबई के गोरेगांव स्थित नेस्को प्रदर्शनी केंद्र पहुंचेंगे। वहां वे 29,400 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली सड़क, रेलवे और बंदरगाह क्षेत्र से जुड़ी कई परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे और आधारशिला रखेंगे। इसके बाद शाम करीब 7 बजे प्रधानमंत्री मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स के जी-ब्लॉक स्थित भारतीय समाचार सेवा (आईएनएस) सचिवालय का दौरा करेंगे और आईएनएस टावर्स का उद्घाटन करेंगे।

### रेलवे 25 मार्गों पर चलाएंगी जुड़वां ट्रेनें

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने देश भर में मेल एक्सप्रेस गाड़ियों में सामान्य यात्रियों के दबाव को कम करने के लिए जनरल अनारक्षित कोच बढ़ाने शुरू कर दिया है और करीब 25 मार्गों पर प्रमुख गाड़ियों की जुड़वां ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। इनमें जनरल एवं स्लीपर कोच अधिक होंगे। रेलवे के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मेल एक्सप्रेस गाड़ियों में गरीब और अल्प आय वर्ग के यात्रियों की बड़ी संख्या को देखते हुए जनरल और स्लीपर कोचों की तादाद बढ़ाने का फैसला किया है। अभी तक चुनींदा मार्गों पर 44 लोकप्रिय गाड़ियों में एक से तीन जनरल कोच बढ़ाए जा चुके हैं।





## उत्तर भारत समेत देश के कई हिस्सों में बारिश से जिंदगी हुई बेहाल

# बाढ़ में डूबे UP के 923 गांव

एजेंसी | नई दिल्ली

उत्तर भारत समेत देश के कई हिस्सों में बारिश से लोगों का हाल बेहाल है। मानसून के आने से मुंबई, दिल्ली समेत कई शहरों में तो बारिश के कारण सड़कों पर पानी का सैलाब जमा हो गया है। मौसम विभाग की मानें तो अभी अगले कुछ दिनों तक बारिश से निजात मिलने की संभावना नहीं है। उत्तर प्रदेश और बिहार सहित देश के कई राज्य बाढ़ की चपेट में हैं। शाहजहांपुर व लखीमपुर खीरी में सप्ताहभर से जनजीवन अस्त व्यस्त है। शुक्रवार को लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर यातायात ठप हो गया। प्रशासन हरसंभव कोशिश कर रहा है, लेकिन समस्याएं कम होती नहीं दिख रहीं, वहीं मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही पूर्वी राजस्थान, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में भी अगले 5 दिन अच्छी बारिश होगी। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और हिमाचल में 13 जुलाई, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, पश्चिमी राजस्थान में पांच दिन बारिश की संभावना है। उत्तराखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश में 13-16 जुलाई, छत्तीसगढ़ में 13-15 जुलाई, पश्चिमी यूपी और मध्य प्रदेश में 13-14 जुलाई, जम्मू में 12 जुलाई, पूर्वी राजस्थान में 16 जुलाई, विदर्भ में 14 से 16 जुलाई के बीच भारी बारिश की संभावना जताई है।



### गांव के गांव जलमग्न

उत्तर बिहार में एक हफ्ते से हो रही लगातार बारिश और नेपाल के तराई इलाके में हो रही मूसलाधार बारिश तथा कोसी बराज से छोड़े गए लगभग 4 लाख क्यूसेक पानी की वजह से सहरसा जिले के दर्जनों गांव पूरी तरीके से जलमग्न हो चुके हैं। इलाके में हो रही लगातार बारिश और फिर कोसी बराज से छोड़े गए पानी के कारण इस गांव के साथ-साथ आसपास के दर्जनों गांवों में जलस्तर काफी बढ़ गया है, जिसकी वजह से गांव के गांव और घर के घर पूरी तरह जलमग्न हो चुके हैं।

### 1 लाख 91 हजार हेक्टेयर से ज्यादा फसल हुई जलमग्न

बाढ़ से एक लाख 91 हजार हेक्टेयर से ज्यादा फसल जलमग्न हो गई है। प्रभावित गांवों में राहत एवं बचाव कार्यों के लिए पर्याप्त संख्या में एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल), एसडीआरएफ (राज्य आपदा मोचन बल) और पीएसी (प्रादेशिक आर्म्ड कांस्टेबुलरी) टीम तैनात की गई हैं। बाढ़ पीड़ितों को आसरा देने के लिए कुल 756 शरणालय और 1122 बाढ़ चौकियां स्थापित की गई हैं। बाढ़ से लखीमपुर खीरी जिले के सबसे ज्यादा 250 गांव प्रभावित हैं और इन गांवों की एक लाख 79 हजार से ज्यादा आबादी प्रभावित हुई है। जिले में 14 बाढ़ शरणालय बनाए गए हैं। शाहजहांपुर में गर्रा और खान्नौर नदियों की बाढ़ से 43 गांव और मोहल्ले प्रभावित हैं। इसके अलावा सिद्धार्थनगर में 83 गांवों में बाढ़ का पानी भर गया है।





### UP के 16 जिलों में बाढ़ के हालात

उत्तर प्रदेश के 16 जिलों के 923 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। लखीमपुर खीरी, शाहजहांपुर, श्रावस्ती, पीलीभीत, गोंडा, बलरामपुर, कुशीनगर, बलिया, बस्ती, बाराबंकी, सिद्धार्थ नगर, सीतापुर, गोरखपुर, मुरादाबाद, बरेली, आजमगढ़ के कई गांवों में पानी भरा हुआ है। यूपी की कई नदियां भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। इनमें राप्ती नदी बर्डघाट गोरखपुर, शारदा नदी शारदा नगर लखीमपुर खीरी, बूढ़ी राप्ति नदी ककरही सिद्धार्थ नगर, ककानो नदी, चंद्रदीप घाट गोंडा, घाघरा नदी-एल्गिन ब्रिज बाराबंकी, अयोध्या, तुत्रिपार–बलिया शामिल हैं।

## फिरौती और हत्या समेत कई वारदात में थे वांटेड

# सोनीपत एनकाउंटर में भाऊ गैंग के 3 शूटर ढेर

■ दिल्ली क्राइम ब्रांच और सोनीपत STF की संयुक्त कार्रवाई ■ 5 आधुनिक पिस्टल की बरामद

एजेंसी | सोनीपत

जिले के खरखौदा गांव के छिन्नौली रोड पर भाऊ गैंग के शूटरों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गई। इसमें तीन शूटरों को सुरक्षाकर्मियों ने ढेर कर दिया। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम और सोनीपत एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में तीन शूटरों को ढेर किया गया है। इसमें दो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरा अस्पताल में दम तोड़ दिया।

तीनों शूटरों की पहचान आशीष उर्फ लालू, सन्नी खरड़ और विक्की रिढाना के तौर पर हुई है। सोनीपत एसटीएफ ने तीनों के पास से 5 आधुनिक पिस्टल बरामद किए हैं। तीनों हिसार में महिंद्रा कार कंपनी के शोरूम पर गोलियां बरसाने, गोहाना के मातुराम हलवाई के दुकान के बाहर फायरिंग करने जैसे बड़े मामलों में संलिप्त रहे थे।



### व्यापारियों से मांगी थी करोड़ों की फिरौती

हरियाणा पुलिस ने तीनों शॉर्प शूटरों पर कई लाख रुपए का इनाम रखा था। तीनों ने हिसार जिले के कई व्यापारियों से करोड़ों की फिरौती मांगी थी। घटना के बाद सोनीपत पुलिस और हरियाणा एसटीएफ मामले की जांच में जुट गई है।

### बर्गर किंग पर दागी थी 40 गोलियां

दिल्ली के राजौरी गार्डन में बर्गर किंग पर 40 गोलियां चलाने वाले तीनों बदमाश हिमांशु भाऊ के गैंग के थे। मारे गए तीनों बदमाश अमेरिका में बैठे वॉन्टेड गैंगस्टर हिमांशु भाऊ के शूटर हैं। बर्गर किंग आउटलेट के अंदर चंद सेकंड के अंदर अमन के शरीर में 40 से ज्यादा गोलियां दागी गईं। जब दोनों आरोपी बर्गर किंग में अमन पर गोलियां चला रहे थे, तब विजेंद्र बाहर कार में बैठकर उनका इंतजार कर रहा था। विजेंद्र ने साल 2018 में गैंगस्टर हिमांशु भाऊ के साथ मिलकर एक चश्मदीद की हत्या की थी।

## सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार को लगाई फटकार

# 'हम कह रहे हैं शंभू बॉर्डर खोलें'

एजेंसी | नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने हरियाणा सरकार को अंबाला के पास 13 फरवरी से बंद शंभू बॉर्डर से पुलिस बैरिकेडिंग हटाकर यातायात सभी के लिए खोलने का शुक्रवार को निर्देश दिया। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्ज्वल भुयान की पीठ ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के 10 जुलाई के आदेश को बरकरार रखते हुए राज्य सरकार को यह निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने 10 जुलाई को राज्य सरकार को एक सप्ताह के भीतर अंबाला के पास शंभू बॉर्डर खोलने का निर्देश दिया था, जिसे फरवरी में प्रदर्शनकारी किसानों को दिल्ली की ओर कूच करने से रोकने के लिए सरकार ने बंद कर दिया था। शीर्ष अदालत ने हरियाणा सरकार की ओर से पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के सात मार्च के फैसले को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह निर्देश दिया।





उच्च न्यायालय की ओर से फरवरी में प्रदर्शनकारी किसानों और पुलिस के बीच झड़प के दौरान किसान 21 साल के शुभकरण सिंह की मौत की जांच के लिए एक पूर्व उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का निर्देश दिया गया था।

शीर्ष अदालत में इस मामले की सुनवाई के दौरान हरियाणा सरकार के अधिवक्ता ने अदालत के समक्ष कहा कि राज्य सरकार 10 जुलाई को उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने की तैयारी कर रही है।

## 40 करोड़ की संपत्ति के दस्तावेज समेत लाखों रुपए जब्त

# हरियाणा में मनी लॉन्ड्रिंग केस में ED ने मारा छापा

एजेंसी | चंडीगढ़

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने वैट घोटाले में शामिल आरोपियों के हरियाणा और पंजाब में स्थित ठिकानों में छापेमारी की प्रक्रिया पूरी कर ली है। हरियाणा के वैट घोटाले में शामिल आरोपियों के घर से ईडी ने 40 करोड़ रुपये से अधिक के अचल संपत्तियों के दस्तावेज, बैंक लॉकर, डीमेट खाते और 16.38 लाख रुपए नकद जब्त किए हैं। वैट घोटाले के आरोपियों के मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल होने के मामले में ईडी ने बीते नौ जुलाई को 14 स्थानों पर दबिश दी थी।

एजेंसी ने ये छापे हरियाणा के उत्पाद शुल्क और कराधान विभाग के तीन अधिकारियों और सिंडिकेट में शामिल महेश बंसल, पदम बंसल, अमित बंसल, मोनिल बंसल, ऋषि गुप्ता, हरीश बियानी और अन्य लोगों के व्यावसायिक और आवासीय परिसरों पर मारे।




ईडी ने इस मामले की जांच हरियाणा पुलिस की तरफ से दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर शुरू की थी। हरियाणा पुलिस की एसआईटी ने जांच में पाया कि आरोपियों ने फर्जी फर्म बनाकर सी फार्म के जरिये गलत इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा किया। उसके बाद अधिकारियों की मिलीभगत कर करोड़ों रुपए के रिफंड हासिल किए। इससे सरकारी खजाने को करोड़ों रुपए का नुकसान पहुंचा। आरोपियों ने रिफंड के जरिये प्राप्त राशि से करोड़ों रुपए की चल व अचल संपत्ति खरीदी। हरियाणा पुलिस ने इस मामले में 50 से ज्यादा एफआईआर विभिन्न जिलों में दर्ज की थी और 30 से ज्यादा आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

### लखनऊ, मुंबई और कोलकाता में भी रेड

**लखनऊ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लखनऊ, मुंबई और कोलकाता में शुक्रवार को छापेमारी की। इस दौरान कई अहम दस्तावेज और 2.98 करोड़ रुपए नकद बरामद किए गए हैं। हमारा इंडिया क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड में अनियमितता के मामले में यह कार्रवाई की गई है। ईडी के मुताबिक पीएमएलए-2002 के प्रावधानों के तहत कोलकाता, लखनऊ और मुंबई में हमारा इंडिया क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड के मामले में तलाशी अभियान चलाया गया है। इस अभियान के दौरान हमारा इंडिया और सहारा समूह की अन्य संस्थाओं के बही-खाते, डिजिटल डिवाइस समेत कई आपत्तिजनक दस्तावेज और 2.98 करोड़ रुपए नकद बरामद किए गए हैं।

## सेना प्रमुख बनने के बाद पहला दौरा

# जनरल द्विवेदी ने जवानों की हौसला अफजाई की

एजेंसी | नई दिल्ली



जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सेना प्रमुख बनने के बाद पहली बार पूर्वोत्तर में पूर्वी सेना कमान के अंतर्गत सभी कोर संरचनाओं का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने शुक्रवार को नगालैंड के दीमापुर में 3 कोर मुख्यालय का दौरा किया और क्षेत्र में चल रही सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की।

सेना प्रमुख को मणिपुर के साथ-साथ म्यांमार सीमा पर सुरक्षा स्थिति के बारे में भी जानकारी दी गई। अपने दो दिवसीय दौरे में उन्होंने तेजपुर में 4 कोर मुख्यालय का दौरा किया और उनकी परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। जनरल द्विवेदी ने पश्चिम बंगाल के सुकना में 33 कोर मुख्यालय का दौरा किया, जहां उन्होंने सिक्किम क्षेत्र में चल रही परियोजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की। जनरल द्विवेदी ने सेना कमांडर पूर्वी कमान के साथ स्पीयर कोर, गजराज कोर और त्रिशक्ति कोर का दौरा किया और उत्तरी सीमाओं और पूर्वोत्तर राज्यों में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने जवानों से सभी मौजूदा और उभरती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए दृढ़ रहने के लिए प्रेरित किया।

### नई मूवी के रिलीज डे पर ही खिलाड़ी कुमार आए कोरोना की चपेट में

# सरफिरा सिनेमाघरों में पहुंची, उधर अक्षय ने खुद को घर में किया बंद

**बेधड़क.जयपुर।** खिलाड़ी कुमार अपनी फिल्म सरफिरा की रिलीज को बाहर एंजोय नहीं कर पाएंगे। शुक्रवार को उनकी फिल्म सिनेमाघरों में पहुंची और उसी दिन अभिनेता को खुद को अपने घर में बंद करना पड़ा। कारण, अक्षय कुमार कोरोना की चपेट में आ गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेता कोविड पॉजिटिव हो गए हैं। इसके चलते वे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी भी अटेंड नहीं कर पाएंगे। अनंत-राधिका ने पर्सनली अक्षय को शादी में शामिल होने का न्योता भेजा था, लेकिन एक्टर ने खुद को आइसोलेट कर लिया है। इसलिए वो इस शादी में नहीं जा पाएंगे। अक्षय अनंत-राधिका के इस साल मार्च में जामनगर में हुए पहले प्री-वेडिंग फंक्शन में पहुंचे थे। सूत्रों के मुताबिक, पिछले दिनों फिल्म 'सरफिरा' के प्रमोशन के दौरान अक्षय की तबीयत थोड़ी खराब हो गई थी। दरअसल, फिल्म के प्रमोशन के दौरान एक क्रू मेंबर कोविड 19 से पीड़ित हो गया था। उसके बाद अक्षय भी बीमार पड़ गए। शुक्रवार सुबह उन्हें कोविड पॉजिटिव पाया गया है।



### 2021-22 में भी कोविड पॉजिटिव हुए थे अक्षय

इससे पहले 2022 में भी अक्षय को कोरोना हो गया था, जब वे फिल्म 'रामसेतु' की शूटिंग कर रहे थे। इस दौरान अक्षय के अलावा क्रू के बाकी टीम मेंबर्स भी कोविड पॉजिटिव पाए गए थे। 2021 में भी अक्षय कोविड पॉजिटिव हुए थे, लेकिन वो जल्दी रिकवर कर गए थे। अक्षय ने उस दौरान पीएम केयर फंड में 25 करोड़ का दान दिया था और ऐसा करने वाले वो पहले सेलेब बने थे।

### 12 जुलाई को रिलीज हुई 'सरफिरा'

अक्षय की फिल्म 'सरफिरा' 12 जुलाई को रिलीज हो गई है। यह फिल्म साउथ बेस्ड बिजनेसमैन जीआर गोपीनाथ की लाइफ पर बेस्ड है, जिसमें अक्षय लीड भूमिका में हैं। जीआर गोपीनाथ ने देश में पहली बार सस्ती एयरलाइन शुरू की थी। साउथ में पहले ही इस पर 'सोरारई पोटरु' नाम से फिल्म बन चुकी है। सूर्या स्टारर इस फिल्म को नेशनल अवॉर्ड भी मिला था।

### ग्रेड 2 छात्र परिषद अलंकरण समारोह

## कर्तव्यों को पूरा करने और आगे बढ़ने का लिया संकल्प



**बेधड़क. जयपुर।** विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने अपनी सर्वोत्तम क्षमताओं से अपने कर्तव्यों को पूरा करने और इस अवसर पर आगे बढ़ने का संकल्प लिया। मौका था जयश्री पेड़ीवाल इंटरनेशनल स्कूल के प्राथमिक वर्ष कार्यक्रम, ग्रेड 2 छात्र परिषद अलंकरण समारोह का। चयनित छात्रों ने अपने-अपने बैज जैसे लिटिल हेड गर्ल, हेड बॉय, स्पोर्टस और हाउस कैप्टन और संबंधित क्लबों के अध्यक्ष के साथ नेतृत्व संभाला। यह नव निर्वाचित छात्र परिषद के सदस्य बौद्धिक जिज्ञासा को अपनाने और स्कूल के माहौल में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिससे एक ऐसा स्थान बनेगा जहां हर कोई महसूस करेगा कि उसे महत्व दिया जा रहा है। उसकी बात सुनी जा रही है। जयश्री पेड़ीवाल ग्रुप ऑफ स्कूल्स की चेयरपर्सन, डॉ. जयश्री पेड़ीवाल ने अपने संबोधन में नव निर्वाचित सदस्यों को बधाई दी और दोहराया कि यह भविष्य के नेताओं को तैयार करने के लिए स्कूल के समर्पण का एक प्रमाण है। उन्होंने आगे कहा कि स्कूल की सबसे युवा छात्र परिषद संस्था दृढ़ता, आत्म-अनुशासन और नैतिकता के मूल्यों को कायम रखती है और यह कम उम्र से ही नेतृत्व के गुणों को विकसित करने के स्कूल के दर्शन का प्रतिबिंब है। गौरवान्वित माता-पिता ने एक अनुकूल वातावरण प्रदान करने और शैक्षणिक उत्कृष्टता, व्यक्तिगत विकास और सामुदायिक जुड़ाव पर निरंतर ध्यान देने में स्कूल के प्रयासों की सराहना की।

## देवड़ा प्रिंसिपल सीओएम बने



**बेधड़क. जयपुर।** आईआरटीएस मदन राम देवड़ा ही उत्तर पश्चिम रेलवे में ट्रेन संचालन प्रमुख यानी प्रिंसिपल सीओएम होंगे। देवड़ा ट्रैफिक सर्विस के 1992 बैच के अधिकारी हैं। उन्होंने रेलवे में एओएम/कोटा के पद से शुरुआत की थी। इसके बाद वो डीओएम, डिप्टी सीओएम, सीनियर डीओएम/जयपुर, डिप्टी सीवीओ, सीआरएम/आईआरसीटीसी, सीसीएम/साउथ ईस्टर्न रेलवे जैसे प्रमुख पद पर संभाल चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने मलेशिया और सिंगापुर में मैनेजमेंट ट्रेनिंग भी की है। देवड़ा रेलवे के उन चुनिंदा अधिकारियों में शामिल हैं, जिन्हें कॉमर्शियल और ट्रेन ऑपरेशन की अच्छी जानकारी है। गौरतलब है कि रेलवे बोर्ड ने शुक्रवार देर रात इंडियन रेलवे ट्रैफिक सर्विस के दो अधिकारियों को राष्ट्रपति की स्वीकृति बाद हायर एडमिनिस्ट्रेटिव ग्रेड (एचए ग्रेड) में पदोन्नति दी गई है।

## City इवेंट्स

### महावीर स्वामी का गर्भ कल्याणक दिवस

## जैन मंदिरों में अभिषेक, शांतिधारा के साथ की गई विशेष पूजा अर्चना



**बेधड़क. जयपुर।** भगवान महावीर स्वामी का गर्भ कल्याणक दिवस शुक्रवार को भक्ति भाव से मनाया गया। इस अवसर पर राजधानी के दिगंबर जैन मंदिरों में प्रातः पूजा अर्चना के विशेष आयोजन किए गए। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि मंदिरों में सुबह भगवान महावीर स्वामी के मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक, शांतिधारा के बाद विशेष पूजा अर्चना की गई। पूजा के बीच भगवान महावीर स्वामी का गर्भ कल्याणक श्लोक 'मोहि राखो हो सरना श्री वर्धमान जिनराय जी। गरभ साढसित छट्ट लियो तिथि, त्रिशला उर अघ हरना। सुर सुरपति तित सेव करयो नित, मै पूजो भव तरना ।। ' मोहि राखो हो सरना' का उच्चारण करते हुए अर्घ चढ़ाया गया। जैन के मुताबिक गोपालजी का रास्ता स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर कालाडेरा, आगरा रोड पर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी, सांगानेर के संघीजी दिगंबर जैन मंदिर, चित्रकूट कालोनी के श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर, मानसरोवर के वरुण पथ स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर महावीर स्वामी, वैशाली नगर दिगंबर जैन मंदिर, तारों की कूंट पर सूर्य नगर के श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सहित कई मंदिरों में विशेष आयोजन हुए। जैन धर्म के 22 वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ का मोक्ष कल्याणक दिवस 14 जुलाई को मनाया जाएगा। इस मौके पर निर्वाणोत्सव मना कर मोक्ष का प्रतीक निर्वाण लाडू चढ़ाया जाएगा।

## प्रज्ञा सागर का मंगल प्रवेश 17 को



**बेधड़क. जयपुर।** प्रज्ञा सागर महाराज का 8 वर्षों के बाद राजस्थान में मंगल प्रवेश होगा। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा एवं सांगानेर संभाग के अध्यक्ष चेतन जैन निमोडिया ने बताया कि आचार्य 15 जून से लगातार पर्यावरण यात्रा के नाम से राजस्थान के लिए मंगल विहार यात्रा चल रही है। इस यात्रा के दौरान आचार्य ने अभी तक लगभग 2500 से ज्यादा पेड़ लगाए हैं। आचार्य इस बार का चातुर्मास झालरापाटन में करने जा रहे हैं, जहां वे 17 जुलाई को मंगल प्रवेश करेंगे। आचार्य की चातुर्मास मंगल कलश स्थापना 21 जुलाई को होगी, जिसमें देशभर से हजारों श्रद्धालुगण शामिल होंगे। झालरापाटन में जैन धर्म के सोलहवें तीर्थंकर कल्पतरु शांतिनाथ भगवान का भव्य मंदिर एवं विशाल जैन नशिया का विकास का कार्य इस चातुर्मास में आचार्य की प्रेरणा से प्रारंभ होगा।

### 22वीं स्टेट लेवल शूटिंग चैम्पियनशिप

## एशियन गेम्स की सिल्वर विजेता मानवी-कौशिक ने जीता गोल्ड



**बेधड़क | जयपुर**

जगतपुरा शूटिंग रेंज में 22वीं स्टेट लेवल शूटिंग चैम्पियनशिप में 50 मीटर राइफल, 10 मीटर राइफल, 50 मीटर पिस्टल व 10 मीटर पिस्टल व शॉटगन की प्रतियोगिता कराई जा रही है। एशियन गेम में सिल्वर मेडल जीतने वाली मानवी कौशिक ने 50 मीटर राइफल महिला चैम्पियनशिप में गोल्ड जीता है। ख्वाहिश ने सिल्वर व निशा कंवर ने ब्रॉन्ज जीता है। मानवी कौशिक ने कहा कि उनसे लोगों ने कहा था कि इंटरनेशनल लेवल पर जीतने के बाद स्टेट में क्यों खेल रहे हैं। वे बोली कि स्टेट में भी इंटरनेशनल से कम टक्कर नहीं मिलती है। लगातार प्रैक्टिस से ही आगे बढ़ने का मौका मिलता है। वे डीजे अनिल कौशिक की बेटी हैं। वे खुद भी अच्छे शूटर हैं। राजस्थान राइफल एसोसिएशन के वाइस प्रेजीडेंट गिरधर प्रताप सिंह ने बताया कि 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में जूनियर महिला चैम्पियनशिप में ख्वाहिश शर्मा ने गोल्ड, तेजल नाथावत ने सिल्वर और चहक प्रीत कौर ने ब्रॉन्ज जीता है। वहीं, 50 मीटर प्रोन राइफल में तेजल नाथावत ने गोल्ड, ख्वाहिश ने सिल्वर, चहक ने ब्रॉन्ज मेडल जीता है।

50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में नरेश कुमार ने गोल्ड जीता है। 50 मीटर राइफल ओपन साइट में सीकर के शूटर दीपेंद्र सिंह शेखावत ने गोल्ड मेडल जीता। जोगेंद्र सिंह दूसरे और अजय कुमार तीसरे स्थान पर रहे।

### शुभम राखी और लाइफस्टाइल एग्जिबिशन शुरू

## डिजाइनर प्रॉडक्ट्स और फेस्टिव माहौल में दिखी त्यौहार की रौनक



**बेधड़क | जयपुर**

सावन की सुहानी झड़ी के बीच महिलाओं का शॉपिंग में खासा रुझान देखने को मिला। जहां ट्रेंड्स, फैशन और स्टाइल की रौनक और त्यौहार की चमक को जयपुराइट्स ने खासा एंजॉय किया। मौका था फेस्टिव सीजन को ध्यान में रखते हुए शुभम सोसाइटी की ओर से बिड़ला ऑडिटोरियम में राखी और लाइफस्टाइल एग्जिबिशन का। शॉपिंग मूड से आए लोग डिजाइनर ज्वेलरी से लेकर कस्टमाइज्ड गिफ्ट तक सब खरीदना पसंद कर रहे हैं। एग्जिबिशन में पैन इंडिया से आई विमन आंत्रप्रिन्योर ने होम डेकॉर, लेडीज, मेन्स व किड्स वियर, हैंड बैग्स, क्लच, लखनवी कुर्ती, गोटा साड़ी आदि के करीब 150 स्टॉल्स लगाए हैं। सोसाइटी की फाउंडर माला खेतान, वृंदा रुंगटा और सरोज गोयल के साथ ही शुभम सोसाइटी की 24-25 चेयरपर्सन मोनिका आर्या और सचिव प्राची अग्रवाल भी उपस्थित रहीं। इस दौरान चेयरपर्सन मोनिका आर्या ने बताया कि शुभम सोसाइटी हमेशा से ही महिला सशक्तिकरण की ओर प्रमुख रूप से कार्यरत है।

कार्यक्रम की वर्किंग कमेटी में सुजाता डागा, विमला सोमानी, पल्लवी पाटनी, राधा माहेश्वरी, ज्योति जैन, स्नेहा काबरा, वसुंधरा काबरा, शशि केडिया, सारिका मुंद्रा, उपासना बजाज, कोमल बागड़ा और राशि गादिया ने महिला सशक्तीकरण का नमूना पेश किया।

### टैगोर थिएटर योजना | रवींद्र मंच पर नाटक भूत का मंचन

# हम जिस अंधी रेस में दौड़ रहे, बच्चों को भी उसी में लगा रहे

**बेधड़क | जयपुर**

हीरक जयंती समारोह के अंतर्गत कला एवं संस्कृति विभाग तथा रवींद्र मंच द्वारा टैगोर थिएटर योजना के अंतर्गत शुक्रवार को रवींद्र मंच पर नाटक भूत का मंचन किया गया। नाटक में कलाकारों ने अभिनय से लेखे और निर्देशक की भावनाओं को जीवंत कर दिया।

नाटक में दिखाया गया कि किस तरह हम खुद एक रेस में कई सालों से दौड़ रहे हैं और उम्र के आखिरी पड़ाव पर अपने बच्चो को भी उसी रेस की दौड़ में शामिल कर देते हैं। वो बच्चे जो सपने देखते हैं उन सपनों को नकार दिया जाता है। तोड़ दिया जाता है और नष्ट कर दिया जाता है।



**पिता के लिए अपने सपना का कत्ल:** शुरुआत में उदय को पढ़ाई से नफरत होती थी, लेकिन अंत में उदय पढ़ाई करता है और उसे नौकरी मिल गई और वह इंजीनियर बन जाता है। अपने सारे सपनो को मार देता है। नाटक में मनीषा कंवर, अभिषेक विजय, प्रथम मित्तल, सफथ खान, किरण चौहान नीर खत्री और आकाश मंडार ने अपने दमदार अभिनय से पात्रों को जीवंत किया। नाटक का लेखन एवं निर्देशन अभिषेक विजय ने किया है। उन्होंने नाटक में ऐसी कसावट रखी कि कहीं भी बोझिल नहीं होता। कसे हुए निर्देशन और दमदार अभिनय ने मंच पर रंग जमा दिया। नाटक में संगीत दिया आकाश मंडार ने और प्रकाश परिकल्पना विमल मीणा की है। मैनेजर रवींद्र मंच द्वारा बताया गया कि नाटक में कला प्रेमी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



### कल्पना की दुनिया में जीता है उदय

नाटक की कहानी में एक उदय नाम का लड़का है, जिसे ड्राइंग बनाना बहुत पसंद है। उसका रंग नाम का एक काल्पनिक दोस्त है, वे दोनों एक साथ ड्राइंग बनाते हैं। बचपन में उदय बहुत जिंदादिल लड़का होता है, लेकिन जैसे ही उसने 12वीं की पढ़ाई पूरी की समाज के दबाव और उदय के जीवन पर नियंत्रित करने के लिए उसके पिता अचानक बहुत सख्त हो जाते हैं। उदय इंजीनियरिंग नहीं करना चाहता, लेकिन उसके पिता ऐसा चाहते हैं। ऐसे में मन मारकर उसे वह करना पड़ता है।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, शनिवार, 13 जुलाई, 2024



जहां सादगी, अच्छाई और सच्चाई नहीं है, वहां कोई महानता नहीं है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



## जेलेंस्की को 'पुतिन' तो कमला हैरिस को बता दिया 'ट्रंप'

# नाटो की बैठक में बाइडेन की फिसली जुबान



### पुतिन को हराने पर पूरा ध्यान - बाइडेन

जो बाइडेन नाटो के मंच पर खड़े होकर भाषण दे रहे थे, जहां बगल में ही यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की खड़े थे. उन्होंने जेलेंस्की का स्वागत करते हुए उन्हें "राष्ट्रपति पुतिन" कह दिया। फिर वह माइक छोड़कर जाने लगे. इतने में वह वापस माइक पर आए और फिर अपनी गलती स्वीकार करते हुए कहा कि उनका पूरा ध्यान पुतिन को हराने पर है।

**एजेंसी** | वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने नाटो की मीटिंग के दौरान यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की को "राष्ट्रपति पुतिन" तो एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कमला हैरिस को "ट्रंप" करार दिया। उनसे इस तरह की गलतियां तब हुई हैं, जब राष्ट्रपति चुनाव में उनकी उम्मीदवारी पर सवाल उठ रहे हैं। बाइडेन की इन्हीं गलतियों की वजह से माना जाता है कि उनके समर्थक भी उनसे रेस से बाहर होने की अपील कर रहे हैं। वहीं, सर्वे में 56% लोग चाहते हैं कि बाइडेन राष्ट्रपति की रेस से बाहर हो जाएं। अमेरिका के वाशिंगटन में नाटो देशों की एक बैठक चल रही है। इस बैठक में यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोडिमीर जेलेंस्की भी पहुंचे थे। बाइडेन ने नाटो की बैठक के दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की को 'राष्ट्रपति पुतिन' बोल दिया। वह फिर संभले और अपनी गलती सुधार की। जो बाइडेन ने अपनी गलती सुधारते हुए कहा कि उनका फोकस पुतिन को हराने पर है। उनका वीडियो क्लिप भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जहां पहले से ही राष्ट्रपति चुनाव में उनकी उम्मीदवारी पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बाइडेन 81 साल के हैं और राष्ट्रपति पद के लिए लगातार दूसरी बार रेस में हैं। हालांकि, बाइडेन की ही पार्टी डेमोक्रेट के नेता उनसे राष्ट्रपति की रेस छोड़ने की अपील कर रहे हैं।



### कई देशों ने यूक्रेन के साथ किए समझौते

पिछले साल जी7 देशों ने यूक्रेन की सुरक्षा के लिए एक घोषणापत्र पर सहमति जताई थी। इसके तुरंत बाद 25 अन्य देशों ने यूक्रेन के साथ द्विपक्षीय सुरक्षा समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

### राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी पर उठ रहे सवाल

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में जो बाइडेन की उम्मीदवारी पर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। इसके पीछे यही वजह है कि वह कथित रूप से सार्वजनिक मंचों पर परफोर्म करने में विफल रहे हैं। उनकी अगुवाई वाली पार्टी डेमोक्रेट के नेता उनसे रेस छोड़ने और किसी और नेता को उम्मीदवारी सौंपने की अपील कर रहे हैं। बाइडेन के सबसे बड़े समर्थक एक्टर जॉर्ज क्लूनी ने भी अपने एक लेख में उनकी उम्मीदवारी पर असहमति जाहिर की।

## नेपाल में पीएम पुष्प कमल दहल की सरकार गिरी

# साबित नहीं कर सके बहुमत, 194 खिलाफ

**एजेंसी** | काठमांडू

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल ने शुक्रवार को संसद में विश्वास मत खो दिया है। पीएम बनने के डेढ़ साल बाद संसद में बहुमत साबित ना कर पाने के बाद उनका पद चला जाएगा। दहल विश्वास प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए आवश्यक 138 वोट हासिल करने में विफल रहे। 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में केवल 63 सांसदों ने उनके पक्ष में मतदान किया। उनके खिलाफ कुल 194 सांसदों ने मतदान किया। शुक्रवार को विश्वास मत पर वोटिंग के दौरान निचले सदन में कुल 258 सांसद मौजूद थे।

नेपाली कांग्रेस के साथ एक नए गठबंधन के गठन के लिए समझौते के बाद सीपीएन-यूएमएल के सरकार से अपना समर्थन वापस लेने के बाद प्रधानमंत्री दहल ने संविधान के अनुच्छेद 100(2) के अनुसार फ्लोर टेस्ट का विकल्प चुना लेकिन वह बहुमत साबित नहीं कर सके। संसद में विश्वास प्रस्ताव पेश करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी पार्टी संविधान को कमजोर नहीं करेगी और ना ही दूसरों को ऐसा करने की अनुमति देगी। उन्होंने कहा कि संविधान में प्रधानमंत्री को विश्वास मत हासिल करने के लिए एक महीने का समय दिया गया है।



### चार टेस्ट जीतकर, पांचवां हारे दहल

दहल 25 दिसंबर 2022 को प्रधानमंत्री नियुक्त होने के बाद चार फ्लोर टेस्ट का सामना कर चुके थे, जिनमें उनको कामयाबी मिली लेकिन इस दफा यानी पांचवें फ्लोर टेस्ट में वह फेल हो गए। प्रधानमंत्री के मतदान में विफल हो जाने के बादतो स्पीकर देवराज घिमिरे राष्ट्रपति पौडेल को परिणामों की जानकारी देंगे। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल अब नई सरकार के गठन का आह्वान करेंगे।

### यूएमएल की सरकार गठन की योजना

यूएमएल दो तिहाई से अधिक सांसदों के समर्थन से नई सरकार के गठन का दावा करने की योजना बना रही है। नेपाली कांग्रेस और यूएमएल के बीच समझौते के अनुसार यूएमएल अध्यक्ष केपी शर्मा ओली डेढ़ साल तक नई 'राष्ट्रीय आम सहमति सरकार' का नेतृत्व करेंगे। मौजूदा संसद के शेष कार्यकाल के लिए कांग्रेस अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा प्रधानमंत्री होंगे।

## पाकिस्तान सरकार ने अपनी ही अवाम से कर दिया खेल

# चीनी निवेश पर खुली झूठ की कलई

**इस्लामाबाद**। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस साल जून के शुरू में चीन का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति शी जिनपिंग समेत तमाम बड़े चीनी नेताओं के साथ मुलाकात की। इस दौरे को पाकिस्तान की सरकार ने बेहद कामयाब बताया। खासतौर से पाकिस्तान में सीपीईसी के तहत बनी स्वतंत्र एनर्जी परियोजनाओं (आईपीपी) के लिए चीन से निवेश की बात कही गई। पाकिस्तान की मीडिया और राजनीतिक एक्सपर्ट ने इसमें एक बड़ा खेल पकड़ा है। पाक मीडिया ने चीन और पाकिस्तान की ओर से जारी बयानों में कुछ ऐसी चीजें पकड़ी हैं, जिनसे लगता है कि पाक सरकार ने अपनी जनता को निवेश के नाम पर धोखा दिया है।

पाकिस्तान की मीडिया के मुताबिक शहबाज शरीफ के बीजिंग दौरे के बाद चीन और पाकिस्तान की ओर से बयान जारी किए गए। बयान में तमाम प्रोजेक्ट पर बनी सहमति के बारे में जानकारी दी गई। दौरे के बारे में पाक विदेश मंत्रालय के बयान में क्लोज 19 में कहा है कि चीन की ओर से आईपीपी प्रोजेक्ट के आधुनिकीकरण और ट्रांसमिशन बेहतर करने में भी निवेश किया जाएगा। वहीं चीन की ओर से जारी बयान कहा है कि वह सीधे एनर्जी प्रोजेक्ट में इन्वेस्ट करेंगे ना कि आधुनिकीकरण और ट्रांसमिशन में पैसा लगाएंगे।

पाक मीडिया का कहना है कि दोनों देशों के विदेश मंत्रालयों के बयान में फर्क बहुत अहमियत रखता है। इस पर एक्सपर्ट सवाल उठा रहे हैं कि क्या शहबाज शरीफ के दौरे की सच्चाई को छुपाने की कोशिश की गई और जनता से झूठ बोला गया।

एक्सपर्ट चीनी निवेश से पाकिस्तान में लगे बिजली संयंत्रों की उयोगिता पर भी सवाल उठा रहे है।




## चीन-उत्तर कोरिया की नाक में करेगा नाटो

# एशिया में नाटो के मित्रों की एंट्री

- लक्ष्य है चीन की बढ़ती आक्रामकता को रोकना

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) ने अब एशिया में भी अपने विस्तार को तेज किया है। इसका एकमात्र लक्ष्य इंडो-पैसिफिक में चीन की बढ़ती आक्रामकता को रोकना है। इसके लिए नाटो ने एशिया से चार देशों को चुना है, जो क्षेत्र में उसके हितों की रक्षा करेंगे। हालांकि, इन चार देशों में भारत का नाम शामिल नहीं है।

नाटो ने भले ही इन चारों देशों को पूर्ण सदस्य का दर्जा नहीं दिया है, लेकिन इनके साथ संबंध काफी मजबूत हैं। एशिया में नाटो के उन चार मददगार देशों के नाम जापान, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया और न्यूजीलैंड है। ये चारों देश दशकों से नाटो के साथ किसी न किसी रूप में जुड़े हुए हैं।




### ये देश सुरक्षा के लिए अमेरिका पर निर्भर

इनका अमेरिका के साथ भी नजदीकी संबंध है और अपनी सुरक्षा के लिए भी ये वॉशिंगटन पर काफी ज्यादा निर्भर हैं। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड भले ही एशिया का हिस्सा न हों, लेकिन इनकी गिनती इंडो-पैसिफिक के देशों में की जाती है। ये चारों देश हर साल अमेरिका के साथ कई सैन्य अभ्यास भी करते हैं। इसके अलावा दूसरे नाटो देशों के साथ भी इनके नजदीकी सैन्य संबंध हैं। बड़ी बात यह है कि इन चारों देशों के चीन के साथ किसी न किसी मुद्दे पर तनाव है।

### आईपी-4 को संस्थागत बनाना चाहता है यूएस

अमेरिका के उप विदेश सचिव कर्ट कैम्पबेल ने कहा है कि नाटो के चार इंडो-पैसिफिक भागीदारों - दक्षिण कोरिया, जापान, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के समूह को उनका देश "संस्थागत" बनाना चाहता है। उनका यह बयान उत्तर कोरिया और रूस के बीच बढ़ते सैन्य गठबंधन और चीन की बढ़ती आक्रामकता पर चिंताओं के बीच आया है।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl